हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शुक्रवार 30 जनवरी 2026

[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]

तापमान
अधिकतम 30.9 डिग्री
न्यूनतम 13.4 डिग्री

12 यूजीसी के विरोध में रैली निकाली गई रैली



12 अन्नदाता के खिलाफ षड़यंत्र, आत्महत्या के लिए मजबूर



## खबर संक्षेप

### 30 पौवा शराब के साथ पकड़ाया आरोपी

**भिलाई।** थाना खुर्सीपार पुलिस ने अवैध शराब बिक्री करते हुए एक आरोपी को रंगे हाथ गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 30 पौवा शराब जब्त की है। आरोपी को आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार 28 जनवरी मुखबिर से सूचना मिली कि खुर्सीपार थाना क्षेत्र अंतर्गत मछली मार्केट, देवार बस्ती के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब बेच रहा है। सूचना के बाद पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर दबिश दी। इस दौरान पुलिस ने आरोपी अमीरो बाघ (35 वर्ष) निवासी मछली मार्केट, देवार बस्ती को अवैध शराब बिक्री करते हुए पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 30 पौवा शराब कुल 5400 बल्क लीटर और बिक्री रकम 200 रुपए बरामद की गई। जब्त शराब की कुल कीमत 2640 रुपए बताई गई है। मामले में थाना खुर्सीपार में धारा 34(2) आबकारी एक्ट में अपराध दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

### 90 हजार के गांजे के साथ आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** ऑपरेशन विश्वास अभियान के तहत मादक पदार्थों के अवैध कारोबार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना खुर्सीपार पुलिस ने देवार बस्ती क्षेत्र में अवैध रूप से गांजा बिक्री करते एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 1.90 किलोग्राम गांजा जब्त किया है। जब्त गांजे की अनुमानित कीमत 90 हजार रुपए बताई गई है। जानकारी के अनुसार 28 जनवरी को खुर्सीपार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि मछली मार्केट, देवार बस्ती क्षेत्र में एक व्यक्ति गांजा बेच रहा है। सूचना की पुष्टि के बाद पुलिस टीम गठित कर मौके पर घेराबंदी की गई। घेराबंदी के दौरान पुलिस ने एक युवक को गांजा बिक्री करते हुए रंगे हाथ पकड़ा। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम चन्द्रपाल देवार (25 वर्ष) निवासी देवार बस्ती का बताया। आरोपी की विधिवत तलाशी लेने पर उसके पास से 1 किलो 900 ग्राम गांजा बरामद किया गया। थाना खुर्सीपार में धारा 20(ख) नारकोटिक्स एक्ट में अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

डॉग्स का टैलेंट

693 स्नीफर और 574 ट्रेकर श्वान सुरक्षा में हैं तैनात

# 20 साल में 598 नक्सलियों के आईडी को किया ट्रेस


# हत्या के 345 और चोरी के 229 मामले भी सुलझाए

सुवांकर रॉय ▶▶| भिलाई

पुलिस जवानों के साथ-साथ स्नीफर डॉग्स भी नक्सली सहित शहरी क्षेत्रों में अहम भूमिका निभा रहे हैं। पुलिस डॉग शेर और सोना ने जंगलों में नक्सलियों द्वारा छिपाए गए आईईडी बमों को खोजने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। 693 स्नीफर और 574 ट्रेकर श्वानों ने अब तक कई कई सफलताएं दिलाई हैं। वहीं प्रशिक्षित स्वानों ने नक्सली क्षेत्र में 352 टिफिन बम, 246 कुकर बम सहित 345 हत्या और 229 चोरी के मामले सुलझाए हैं।

पुलिस डॉग स्क्वॉड में शामिल स्नीफर डॉग्स आज अपराध नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था का अहम हिस्सा बन चुके हैं। नक्सली व शहरी क्षेत्र में बम की आशंका हो, मादक पदार्थों की तस्करी रोकनी हो या फिर आरोपी की तलाश, इन प्रशिक्षित कुत्तों की भूमिका कई मामलों में निर्णायक साबित होती है। स्नीफर डॉग्स को तैयार करने के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया जाता है, जो आमतौर पर 6 महीने से 1 साल तक चलता है। वर्तमान में भिलाई स्थित सातवीं वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल, राज्य की एकमात्र अधिकृत पुलिस डॉग प्रशिक्षण संस्था है। जहां पुलिस विभाग के डॉग्स को अलग-अलग परिस्थितियों के लिए प्रशिक्षित किया जाता है। मध्य प्रदेश के विभाजन के पश्चात 18 अक्टूबर 2002 को छत्तीसगढ़ स्वान दल का मुख्यालय सातवीं वाहिनी, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल, भिलाई में स्थापित किया गया। इस संस्थान में अब तक हजार से भी अधिक पुलिस डॉग को वैज्ञानिक और व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है। ट्रेनिंग पूरी होने के बाद यहां से प्रशिक्षित डॉग्स को छत्तीसगढ़ के अलग-अलग जिलों व इकाइयों में भेजा जाता है।



### कैसे प्रशिक्षित किए जाते हैं स्नीफर डॉग्स, जानिए

डॉग स्क्वॉड में चयन के बाद कुत्तों को सबसे पहले बेसिक कमांड सिखाई जाती हैं। जैसे बैठना, रुकना, आगे बढ़ना, लौटना और संकेत पर प्रतिक्रिया देना। इसके बाद उन्हें स्मेल ट्रेनिंग दी जाती है। विस्फोटक पदार्थों की पहचान करने वाले डॉग्स को टीएनटी, आरडीएक्स, डेटोनेटर, गन पाउडर जैसी सामग्री की गंध पहचानने का अभ्यास कराया जाता है। ट्रेनिंग के दौरान विस्फोटक सैंपल को बॉक्स या बैग में छिपाकर रखा जाता है। कुत्ता जैसे ही सही जगह पहचानता है, उसे खिलौना या ट्रीट देकर प्रोत्साहित किया जाता है। मादक पदार्थ खोजने वाले डॉग्स को गांजा, चरस, अफीम, हेरोइन, ब्राउन शुगर सहित अन्य नशीले पदार्थों की गंध पहचानने की ट्रेनिंग दी जाती है। ट्रेनिंग में ड्रग्स को वाहनों, बैग, कपड़ों, घरों और जमीन के नीचे भी छिपाकर रखा जाता है। कुत्ता गंध पकड़ते ही हैंडलर को संकेत देता है, जिससे पुलिस तस्करी पर कार्रवाई कर पाती है।

### 33 जिलों में 87 डॉग्स दे रहे सेवाएं

वर्तमान में दुर्ग, रायपुर, नक्सली क्षेत्र बीजापुर, दंतेवाड़ा, नारायणपुर सहित प्रदेश के 33 जिलों में कुल 87 डॉग्स सेवाएं दे रहे हैं। इनमें 30 ट्रेकर डॉग, 55 विस्फोटक खोजी डॉग और 2 मादक पदार्थ खोजी डॉग शामिल हैं। डॉग स्क्वॉड में नस्ल के अनुसार लेब्राडोर 35, बेल्जियम शेफर्ड 51, जर्मन शेफर्ड 15, डाबरमैन 5, कॉकर स्पेनियल 2 और 1 देसी डॉग वर्तमान में सेवाएं दे रहे हैं। अलग-अलग नस्लों के डॉग्स को उनके स्वभाव और क्षमता के अनुसार विस्फोटक खोज, मादक पदार्थ पहचान तथा ट्रैकिंग जैसे कार्यों के लिए प्रशिक्षित किया जाता है।

### डॉग स्क्वॉड की 20 साल की बड़ी उपलब्धि

वर्ष 2005 से 2025 के बीच पुलिस के 693 स्नीफर डॉग और 574 ट्रेकर डॉग ने विभिन्न ऑपरेशनों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आंकड़ों के अनुसार, खोजी श्वानों ने अब तक 352 देशी/टिफिन बम, 246 प्रेशर कुकर बम, 36 डेटोनेटर, 67 फ्यूज बम तथा कई आईईडी की पहचान कर उन्हें बरामद कराया है। वहीं ट्रेकर श्वानों की मदद से हत्या के 345 मामलों और चोरी के 229 मामलों का खुलासा किया गया है।

### 3 माह की उम्र से शुरू होती है इन एक्सपर्ट डॉग की ट्रेनिंग

यहां बेल्जियम शेफर्ड मैलिनोइस, जर्मन शेफर्ड, लेब्राडोर और डाबरमैन डॉग्स की ट्रेनिंग दी जाती है। कमांडेंट गायत्री सिंह के अनुसार विस्फोटक, मादक पदार्थों, हत्या व चोरी के आरोपियों की पहचान के लिए डॉग्स को अलग-अलग ट्रेनिंग दी जाती है। जब डॉग की उम्र 3 माह होती है, तभी से ट्रेनिंग शुरू कर दी जाती है। इसके बाद सभी डॉग्स को 6 माह की कड़ी ट्रेनिंग दी जाती है। प्रशिक्षण की शुरुआत सबसे पहले गुड हैबिट्स और ओबेडिएंस से की जाती है, ताकि डॉग्स हर स्थिति में हैंडलर के निर्देशों का पालन कर सकें। ट्रेनिंग के तहत डॉग्स को प्रतिदिन सुबह-शाम दो-दो घंटे अभ्यास कराया जाता है। कमांड हिंदी, अंग्रेजी और इशारों के माध्यम से दी जाती है। सेवा अवधि पूरी होने के बाद रिटायर्ड डॉग्स को वापस भिलाई मुख्यालय भेज दिया जाता है और फिर उनकी अंतिम सांस तक देखभाल व सेवा की जाती है।

### डॉग्स ने बढ़ाया मान



पुलिस के डॉग स्क्वॉड ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी क्षमता का लोहा मनवाया है। वर्ष 1987, 1990 और 1994 में आयोजित ऑल इंडिया पुलिस ड्यूटी मीट में श्वान दल ने दो स्वर्ण पदक और एक रजत पदक अर्जित किए। इसी तरह पुलिस डॉग शेर ने स्वर्ण पदक और 2024-25 में झारखंड में आयोजित ऑल इंडिया पुलिस ड्यूटी मीट में पुलिस डॉग सोना ने रजत पदक जीतकर स्वान दल की उपलब्धियों में नया अध्याय जोड़ा। इन डॉग्स के हैंडेलर भी सम्मानित हो चुके हैं।

**-प्रज्ञा मेश्राम, एएसपी**
सातवीं वाहिनी एसएफ बटालियन

## ठेका श्रमिक की मौत, कोर्ट ने जिम्मेदारों को 2 फरवरी को उपस्थित होने कहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

25 अप्रैल 2023 को बीएसपी में काम के दौरान झुलसे ठेका श्रमिक रंजीत सिंह की मौत के मामले में कोर्ट ने सभी जिम्मेदार पक्षों को तलब किया है।

इस मामले में भट्टी पुलिस ने 31 दिसंबर 2025 को कोर्ट में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया। मामले में अभय कुमार बरतवाल, धीरेंद्र कुशवाहा, सुशांत घोसाल, गौरव सिंघल को आरोपी बनाया गया है। घटना दोपहर करीब सवा 3 बजे की बताई गई है। मेसर्स मारूति कंस्ट्रक्शन के ठेका श्रमिक रंजीत सिंह, अमित सिंह, रमेश मौर्य, राजू तांडी एसएमएस-2 के कन्टीन्यूस कॉस्टिंग शॉप के

**बीएसपी में हुई थी मौत**

कास्टर-6 में इक्यूपमेंट कूलिंग पाइपलाइन की शिफ्टिंग का काम कर रहे थे। इस दौरान वेल्डिंग का काम चल रहा था। चिंगारी छिटकने से रंजीत के जूते में आग लग गई। इससे रंजीत करीब 90 प्रतिशत झुलस गया। उसे उपचार के लिए सेक्टर-9 हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बहरहाल मामले में ट्रायल जारी है। दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने अभियुक्तों को कोर्ट में प्रस्तुत होने का आदेश दिया है। 2 फरवरी को अगली सुनवाई दिनांक को आरोपियों को प्रस्तुत होने कहा गया है।




## स्मृतिनगर चौकी प्रभारी लाइन अटैच दो थाना प्रभारियों का भी हुआ तबादला

**भिलाई।** स्मृतिनगर चौकी प्रभारी उप निरीक्षक गुरविंदर सिंह संधु को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने चौकी प्रभारी पद से हटाकर रक्षित केंद्र भेज दिया है। यह प्रशासनिक कार्रवाई ऐसे समय में हुई है, जब कुछ दिन पहले ही छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने उनके आचरण की जांच कराने के निर्देश डीजीपी को दिए थे। वहीं निरीक्षक प्रकाश कांत को यातायात से थाना

**एसएसपी ने जारी किया आदेश**

प्रभारी भिलाई भट्टी, राजेश कुमार साहू को थाना प्रभारी भिलाई भट्टी से चौकी प्रभारी स्मृतिनगर बनाया गया है। प्रशासनिक कारणों से यह तबादला आदेश जारी किया गया है। बता दें कि गुरविंदर सिंह संधु पर हाल ही में दो व्यवसायियों के साथ गलत एवं मनमानी कार्रवाई करने के गंभीर आरोप लगे थे। मामले को लेकर हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई। हाई कोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि स्मृतिनगर चौकी प्रभारी के आचरण की उपयुक्त स्तर पर जांच कराई जाए तथा आवश्यकता पड़ने पर सुधारात्मक एवं अनुशासनात्मक कार्रवाई भी की जाए। इसके बाद से संधु को हटाए जाने के कयास लगाए जा रहे हैं। गुरुवार को एसएसपी ने यह आदेश जारी किया।

## हत्या का एक आरोपी और गिरफ्तार

**दुर्ग।** सिटी कोतवाली दुर्ग पुलिस ने पुराने पैसों की वसूली को लेकर हुए विवाद में एक युवक की मौत के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। मामला इंदिरा मार्केट स्थित होटल 36 इन का है, जहां मारपीट में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। घटना 25 जनवरी की है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी प्रशांत राव (26 वर्ष) निवासी ओम नगर उरला, थाना मोहन नगर को पुलिस अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की। आरोपी द्वारा अपराध स्वीकार करने पर उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। विवेचना के दौरान आरोपी प्रशांत राव के मेमोरेंडम के आधार पर एक अन्य आरोपी की तलाश की जा रही थी। मुखबिर सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी लक्की उर्फ किशन कुमार ध्रुवे (18 वर्ष 4 माह) निवासी जयंती नगर दुर्ग को पकड़ा। पूछताछ में आरोपी ने भी अपराध करना स्वीकार किया, जिसके बाद उसे भी गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

## धमकाकर पैसा वसूला, गिरफ्तार

**भिलाई।** सूदखोरी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने कुम्हारी क्षेत्र में कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार प्रार्थिया सुमन टंडन (45 वर्ष) निवासी कुम्हारी ने लिखित शिकायत में बताया कि आरोपी सचिन द्विवेदी (23 वर्ष) द्वारा उनके पुत्र लक्ष्य टंडन को अलग-अलग किश्तों में कुल 2 लाख 55 हजार रुपए उधारी दी गई थी। इसके बाद आरोपी ने मूलधन पर 15 प्रतिशत ब्याज जोड़ते हुए दबाव बनाकर रकम वसूलना शुरू कर दिया। शिकायत के अनुसार आरोपी द्वारा अब तक 3 लाख 94 हजार 816 रुपए वसूल किए जा चुके हैं। इसमें 301166 रुपए खाते से फोन-पे के माध्यम से तथा 93,650 रुपए नगद वसूले जाने की जानकारी दी गई है। इसके बावजूद आरोपी लगातार ब्याज और मूलधन के नाम पर और रकम की मांग कर रहा था। पुलिस ने बताया कि विवेचना के दौरान आरोपी सचिन द्विवेदी, निवासी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी कुम्हारी को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई, जहां उसने अपराध घटित करना स्वीकार किया।

परेशानी

जोन आयुक्त ने कराई एफआईआर

## अवैध प्लॉटिंग और कब्जे से परेशान पार्षद धरने पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दुर्ग जिले में अवैध प्लॉटिंग और सरकारी जमीन पर कब्जा करने का खेल बड़े पैमाने पर चल रहा है। निगम के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा कोई कार्रवाई नहीं करने के चलते अब पार्षद और आम लोगों को इसके खिलाफ आवाज उठानी पड़ रही है।

गुरुवार को वार्ड 12 कोहका की पार्षद अंजू सिन्हा ने भिलाई निगम आयुक्त कार्यालय के खिलाफ कई घंटे तक धरना दिया। जब देर शाम तक आयुक्त कार्यालय से नहीं उठीं तो आयुक्त राजीव पाण्डेय ने जोन 1 के आयुक्त अजय राजपूत को निर्देश दिया, जिसके बाद उन्होंने अज्ञात भू-माफिया के खिलाफ एफआईआर के लिए स्मृति नगर चौकी में शिकायत दी है। पुलिस ने अभी एफआईआर दर्ज नहीं की है।

भू-माफियाओं के कब्जे से परेशान पार्षद अंजू सिन्हा गुरुवार दोपहर अपने पति के साथ भिलाई निगम मुख्यालय पहुंची और आयुक्त कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गईं। उन्होंने आरोप लगाया कि कोहका वार्ड 13 में शासकीय जमीन पर भू-माफिया द्वारा अवैध कब्जा किया गया है। इसके साथ ही अवैध प्लॉटिंग भी बड़े पैमाने पर की जा रही है। उन्होंने भू-माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई की मांग की ।



### बीओ सेक्शन फेल

निगम क्षेत्र में अवैध निर्माण, अतिक्रमण को रोकने के लिए अलग से एक बीओ (भवन अनुज्ञा विभाग) सेक्शन होता है, जो निगम मुख्यालय के साथ जोन कार्यालय में भी होता है। इसके बाद भी इनके द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जाती है।

**लगातार शासकीय जमीन पर हो रहा कब्जा :** पार्षद का आरोप है कि उनके वार्ड में लगातार शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा किया जा रहा है, लेकिन नगर निगम प्रशासन कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहा है। कुछ लोगों ने नाली पर मलबा डालकर उसके ऊपर अवैध निर्माण कर लिया है। जोन आयुक्त द्वारा निरीक्षण किए जाने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई। बीते दो सालों में उन्होंने दर्जनों शिकायतें नगर निगम में की गईं, लेकिन कार्रवाई न होने से वे मजबूर होकर धरने पर बैठी हैं।

**अज्ञात के खिलाफ दर्ज कराई एफआईआर**
पार्षद अंजू सिन्हा इतने गुस्से में थीं कि वो दोपहर से लेकर देर शाम तक आयुक्त कार्यालय के सामने से नहीं उठीं। उनके द्वारा भू-माफिया का स्पष्ट रूप से नाम भी लिया जा रहा था, लेकिन आयुक्त राजीव पाण्डेय जोन आयुक्त अजय राजपूत को अज्ञात के खिलाफ एफआईआर कराने का निर्देश दिया। अजय राजपूत ने कहा कि पुलिस जांच में पता चलेगा कि किसने सरकारी जमीन में कब्जा किया है, उसके बाद उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।



# मनरेगा बचाओ संग्राम आज, कांग्रेसी करेंगे सांकेतिक चक्काजाम

**शहर जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग, ग्रामीण और भिलाई का संयुक्त आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

मनरेगा योजना को कमजोर किए जाने, मजदूरों के अधिकारों में कटौती एवं भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के विरोध में मनरेगा बचाओ संग्राम के अंतर्गत दुर्ग जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा 30 जनवरी को गांधी पुतला के सामने सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक सांकेतिक धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10:30 बजे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष उनके सुप्रसिद्ध भजनों के सामूहिक गायन के साथ की जाएगी। सुबह 11 बज जिस समय महात्मा गांधी जी की शहादत हुई थी, कांग्रेसजनों द्वारा मौन श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। इसके बाद दोपहर 1 बजे तक शांतिपूर्ण एवं सांकेतिक धरना-प्रदर्शन जारी रहेगा। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग शहर के अध्यक्ष श्री धीरज बाकलीवाल जी ने कहा कि मनरेगा केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि देश के करोड़ों गरीब, मजदूर और ग्रामीण परिवारों के लिए सम्मानपूर्वक जीवन जीने का आधार है।

भाजपा सरकार द्वारा मनरेगा के बजट में की जा रही कटौती, समय पर मजदूरी भुगतान न होना और काम के अवसर कम करना सीधे-सीधे गरीबों के अधिकारों पर हमला है। इसके साथ ही उन्होंने धान खरीदी को लेकर भी भाजपा सरकार पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि वर्तमान धान खरीदी व्यवस्था पूरी तरह अव्यवस्थित है। आज स्थिति यह है कि 20 प्रतिशत से अधिक किसान अभी भी ऐसे हैं, जो विभिन्न कारणों से धान खरीदी प्रक्रिया में भाग नहीं ले पाए हैं। ऐसे किसानों का धान अभी भी बचा हुआ है, जिससे वे भारी आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं।



### धान खरीदी की समय सीमा बढ़ाई जाए, ताकि हर किसान बेच सके धान

जिला कांग्रेस कमेटी ने मांग की है कि धान खरीदी की समय-सीमा को तत्काल बढ़ाई जाए, ताकि कोई भी किसान अपने हक से वंचित न रहे। कांग्रेस पार्टी किसानों और मजदूरों के अधिकारों की इस लड़ाई को सड़क से सदन तक पूरी मजबूती से लड़ेगी। 30 जनवरी जैसे पावन दिन पर गांधी जी की प्रतिमा के समक्ष किया जा रहा यह धरना उसी संकल्प का प्रतीक है। अरुण वोरा जी ने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियां पूरी तरह से गरीब, किसान और मजदूर विरोधी हैं। मनरेगा के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और आत्मसम्मान मिला था, लेकिन आज इस योजना को कमजोर करने का लगातार प्रयास किया जा रहा है। मजदूरों को महीनों तक मजदूरी न मिलना और तकनीकी प्रक्रियाओं के नाम पर लोगों को परेशान करना सरकार की असंवेदनशीलता को दर्शाता है। आयोजित बैठक में धीरज बाकलीवाल, अरुण वोरा, आरएन वर्मा, अलताफ अहमद, आनंद देव ताम्रकार, गुरदीप भाटिया उपस्थित थे।

### दुर्ग जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में 7 जगहों पर प्रदर्शन की तैयारी, भिलाई में भी आंदोलन



दुर्ग। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के बलिदान दिवस के अवसर पर 30 जनवरी को जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर के नेतृत्व में एकदिवसीय सांकेतिक चक्काजाम एवं धरना-प्रदर्शन का आयोजन ग्रामीण क्षेत्रों में 7 स्थानों पर किया गया है। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ता प्रदेश के किसानों की धान खरीदी से जुड़ी समस्याओं, धान खरीदी की तिथि बढ़ाने तथा किसानों के हितों की अनदेखी के विरोध में आवाज बुलंद करेंगे। कार्यक्रम के माध्यम से सरकार का ध्यान किसानों की वास्तविक समस्याओं की ओर आकृष्ट किया जाएगा। अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने बताया कि बजरंग चौक सेलूद, उमदा रोड भिलाई 3, मुख्य चौक अंडा, बस स्टैंड अहिवारा, हाई स्कूल तरुण सांस्कृतिक भवन के पास जामुल, बाजार चौक बोरी, स्टेशन चौक कुम्हारी कुल 7 पॉइंट बनाये गए है। सभी स्थानों पर कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं अनुशासित ढंग से आयोजित किया गया है। आंदोलन पूरी तरह अहिंसात्मक एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुरूप होगा।

## खबर संक्षेप

### पांच बिल्डिंग में राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम आज

दुर्ग। जिला कुष्ठ सेवा समिति, छग सर्व समाज संगठन एवं पांच बिल्डिंग नागरिक मंच के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्र पिता महात्मा गांधी के पुण्य तिथि के अवसर पर सामुदायिक भवन पांच बिल्डिंग में 30 जनवरी को दोपहर 1 बजे राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इसमें कुष्ठ रोग के प्रति समाज में गलत धारणा जैसे-भ्रम, भय, अलगाव एवं घृणा की भावना व्यापित है जिसे दूर करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन दिवस के अवसर पर कुष्ठ उन्मूलन में समाज की भूमिका विषय पर संगोष्ठी आयोजित है। यह जानकारी जिला कुष्ठ सेवा समिति के अध्यक्ष रमेश कुमार साहू एवं पांच बिल्डिंग नागरिक मंच के अध्यक्ष अनुरूप साहू ने दी।

### स्कूल के पास जलाया जा रहा कचरा, विधायक से शिकायत



दुर्ग। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ढौर तहसील दुर्ग के पास कचरा डिस्पोज करने की फैक्ट्री खोल दी गई है। पहले ये फैक्ट्री बहुत ही छोटी थी लेकिन अब बड़े स्तर में बना दिया गया है। फैक्ट्री में कई राज्यों तक के कचरा प्लास्टिक और अन्य वस्तुएं लाई जाती है। कैमिकल डालकर आए दिन कचरा जलाया जा रहा है। इसकी वजह से विद्यालय में बदबूदार खतरनाक धुआं फैल रहा है। विद्यालय में पड़ रहे 9वीं से लेकर 12वीं तक के बच्चों को सांस लेने में तकलीफों का सामना करना पड़ रहा है। विद्यालय की दीवारें पहले से ही पत्थर खदान की वजह से कमजोर पड़ चुकी हैं। अब प्लास्टिक फैक्ट्री नई मुसीबत बन गई है। इसे लेकर स्कूली विद्यार्थियों, शिक्षकों ने विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा से पूरे मामले की शिकायत की है। इतना ही नहीं जिला पंचायत के सीईओ बजरंग दुबे को भी वस्तु स्थिति से अवगत कराया है। हाल ही में छेत्रीय विधायक डोमनलाल कोशेवाड़ा विद्यालय के नए कमरे बनवाने के लिए भूमि पूजन करने पहुंचे थे। विद्यालय के छात्रों ने लिखित में विधायक से फैक्ट्री के खिलाफ शिकायत की है। ग्रामीणों ने बताया कि इस मामले को लेकर जिला प्रशासन से शिकायत की गई है लेकिन अब तक समस्यां का निराकरण नहीं हो पाया है। प्रदूषण की वजह से पूरे गांव में समस्यां बनी हुई है। स्कूली बच्चे सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं।

**महापौर परिषद की बैठक में लिया गया निर्णय, सूखा-गीला कचरा प्रबंधन को लेकर नई गाइडलाइन**

# शहर को मिलेगा स्वच्छता का नया आयाम, 8 जगह पर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र होंगे स्थापित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

नगर पालिक निगम दुर्ग की मेयर इन काउंसिल की बैठक महापौर अलका बाघमार की अध्यक्षता और आयुक्त सुमित अग्रवाल सहित सभी एमआईसी सदस्यों की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। बैठक में बारी बारी महत्वपूर्ण एजेंडों पर विस्तृत चर्चा की गई और कई प्रमुख विकास कार्यों को मंजूरी प्रदान की गई। बैठक में नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत नागरिक सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण एवं आधारभूत संरचना के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण स्वीकृतियां प्राप्त हुई है। वार्ड क्रमांक 4 गया नगर में 1500 किलोलीटर क्षमता के उच्च स्तरीय जलागार के निर्माण कार्य हेतु 15वें वित्त आयोग अनुदान अंतर्गत मिलियन प्लस सिटीज (जल प्रबंधन) योजना के तहत राशि रुपये 199.02 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में एमआईसी सदस्य नरेंद्र बंजारे, देवनारायण चंद्राकर, शेखर चंद्राकर, लीना दिनेश देवांगन, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, काशीराम कोसरे, मनीष साहू,शिव नायक, लीलाधर पाल, शशि साहू, नीलेश अग्रवाल,हर्षिका संभव जैन,उपायुक्त मोहेन्द्र साहू, अभियंता अधिकारी विनीता वर्मा, मो सलीम सिद्दीकी, प्रकाशचंद थावनी, सुरेश केवलानी, पंकज साहू, रेवाराम मनु, दुर्गेश गुप्ता, अभ्दय मिश्रा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



### सफाई को बेहतर करने के लिए बनी कार्ययोजना

शहर को मिलेगा स्वच्छता का नया आयाम, 8 स्थानों पर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र स्थापित होंगे।स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 के अंतर्गत एसडब्ल्यूएम घटक को मिली बड़ी स्वीकृति स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के अंतर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन (एस.डब्ल्यू.एम.) घटक के तहत सूखे एवं गीले कचरे के वैज्ञानिक प्रबंधन हेतु संयंत्रों की स्थापना तथा पूर्व से स्थापित संयंत्रों के उन्नयन, विकास एवं आगामी 05 वर्षों के संचालन एवं संधारण कार्य के लिए कुल राशि 1597.69 लाख के कार्य को स्वीकृति प्रदान की गई है। यह स्वीकृति शहर में स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने, कचरे के पृथक्करण एवं वैज्ञानिक निपटान को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इन समस्त स्वीकृतियों से नगर में जलापूर्ति, सड़क, स्वच्छता एवं नागरिक सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार होगा तथा शहर के समग्र विकास को नई दिशा मिलेगी।

### महाराजा चौक से बोरसी चौक तक बनेगी फोरलेन सड़क

बैठक में महाराजा चौक से बोरसी चौक तक प्रस्तावित फोरलेन सड़क निर्माण कार्य (लंबाई 1.80 किलोमीटर) के अंतर्गत आवश्यक पाइपलाइन शिफ्टिंग कार्य को स्वीकृति दी गई। साथ ही मिनीमाता चौक से महाराजा चौक ठगड़ा डेम तक पाइपलाइन शिफ्टिंग कार्य को वर्ष 2025–26 के बजट में सम्मिलित करते हुए इस कार्य हेतु रुपये 439.50 लाख की राशि स्वीकृत की गई है। इसके अतिरिक्त चण्डी मंदिर से नया पारा मार्ग के चौड़ीकरण एवं पुनर्निर्माण कार्य लंबाई 900 मीटर के अंतर्गत पाइपलाइन शिफ्टिंग कार्य के लिए रुपये 100.45 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई। काम को लेकर जल्द ही निविदा प्रक्रिया पूरी करने के लिए महापौर ने निर्देशित किया।

### एसएलआरएम सेंटरों के लिए तय होगी जगह

बैठक में नए एसएलआरएम सेंटरों के जगह के निर्धारण को लेकर चर्चा हुई। महापौर अलका बाघमार ने बैठक में समस्त एमआईसी सदस्यों से अनुरोध करते हुए कहा कि शहर क्षेत्र में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन हेतु 8 स्थानों का शीघ्र चिन्हांकन कर विभाग में जानकारी उपलब्ध कराई जाए, ताकि निर्माण कार्य जल्द प्रारंभ किया जा सके। उन्होंने कहा कि इससे कचरा ट्रांसपोर्टिंग को लेकर खर्च कम होगा। वार्डों का कचरा आसपास की डिस्पोज किया जा सकेगा। केंद्र और शासन के निर्देश और मार्गदर्शन पर यह कार्य किया जाएगा। वर्तमान में जिन जगहों पर एसएलआरएम सेंटर संचालित हो रहे हैं, उन्हें और अधिक बेहतर किया जाएगा।

# यूजीसी के विरोध में रैली निकाली गई रैली




हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

राजपूत श्रत्रिय महासभा छत्तीसगढ़ दुर्ग द्वारा पटेल चौक से रैली के रूप में कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर यूजीसी में हुए बदलाव के विरोध में प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा, जिसमें केंद्रीय, जिला, उपसमिति पदाधिकारीयो सहित लगभग 200 के आसपास समाज के महिला पुरुष उपस्थित रहे। उच्च शिक्षण संस्थाओं में जातिगत समानता हेतु विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने जातिगत भेदभाव रोकने के उद्देश्य से उच्च शिक्षण संस्थानों में समानता को बढ़ावा देने के लिये भारत सरकार द्वारा नये नियम बनाये गये है, जो 13 जनवरी 2026 से प्रभावशील हो गये हैं। प्रभावी नियम में सामान्य संवर्ग के छात्रों एवं प्राध्यापकों पर उभयपक्षों के द्वारा झूठे आरोप-प्रत्यारोप लगाकर फंसाये जाने की आशंकाओं से इंकार नहीं किया जा सकता, चूंकि नये नियम में सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों के मूल अधिकारों का हनन हो रहा है। केंद्र का काम वंचित समुदायों के हितों से जुड़ी योजनाओं पर नज़र रखना, छात्रों और कर्मचारियों को पढ़ाई, सामाजिक मामलों और पैसों से जुड़ी सलाह देना, परिसर में विविधता और सबको साथ लेकर चलने का माहौल बढ़ाना और ज़रूरत पड़ने पर ज़िला और राज्य की कानूनी सेवा संस्थाओं की मदद से कानूनी सहायता उपलब्ध कराना होगा। नए नियमों के हिसाब से प्रत्येक संस्थान को एक चौबीसों घंटे उपलब्ध समता हेल्पलाइन चलानी होगी। ज्ञापन सौंपने वालों में केंद्रीय उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह, सह सचिव सत्येंद्र सिंह, अशोक सिंह, रश्मि सिंह, दीपक सिंह, राकेश सिंह, बिंदु भुवाल, गीता राजपूत, टीकम सिंह, अशोक सिंह, अनिल सिंह, मनीषा राजपूत, महेश भुवाल, शरद सिंह, अंगत सिंह आदि मौजूद थे।

# नोटिस प्रक्रिया, जीएसटी पोर्टल से जुड़ी कठिनाइयों और पुराने प्रकरणों के कारण व्यापारी परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

जीएसटी समन्वय बैठक में राज्य और केंद्रीय जीएसटी विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्पेशल कमिश्नर, राज्य जीएसटी तरन्नुम वर्मा ने की। बैठक में संयुक्त आयुक्त केंद्रीय जीएसटी राधे कृष्ण, संयुक्त आयुक्त राज्य कर दुर्ग संभाग गुलापा पुरशेठ तथा संयुक्त आयुक्त राज्य कर अपील सीआर महालिंगे विशेष रूप से उपस्थित थे।

- **भिलाई में जीएसटी समन्वय बैठक का आयोजन, व्यापारियों की समस्याओं पर विस्तार से हुई चर्चा**

छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश महामंत्री अजय भसीन ने व्यापारियों की ओर से जीएसटी से संबंधित विभिन्न व्यावहारिक समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। अजय भसीन ने अधिकारियों को अवगत कराया कि नोटिस प्रक्रिया, जीएसटी पोर्टल से जुड़ी कठिनाइयों तथा पुराने प्रकरणों के कारण व्यापारियों को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



विभाग और व्यापारियों के बीच बेहतर समन्वय से ही कर व्यवस्था को सरल और पारदर्शी बनाया जा सकता है। बैठक के दौरान अजय भसीन ने व्यापारिक समुदाय की अपेक्षाओं और सुझावों को विस्तार से रखा। स्वावलंबी भारत अभियान के छत्तीसगढ़ प्रांत सह-समन्वयक संजय चौबे ने कहा कि जो नोटिस व्यापारियों को डाक के माध्यम से भेजी जाती है, वह संबंधित जीएसटी पोर्टल पर भी अनिवार्य रूप से दिखाई देनी चाहिए, विशेषकर उन मामलों में जहां संबंधित वर्षों का आदेश पहले ही पारित हो चुका है तथा किसी प्रकार की कोई वसूली राशि शेष नहीं है। इससे व्यापारियों को अनावश्यक भ्रम और मानसिक तनाव से राहत मिलेगी।

भिलाई चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष गार्गी शंकर मिश्रा ने इस प्रकार की समन्वय बैठकों को व्यापार और उद्योग के हित में अत्यंत उपयोगी बताया। अधिकारियों ने अजय भसीन सहित सभी व्यापारिक प्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए बिंदुओं को गंभीरता से सुना और नियमों के अंतर्गत यथासंभव समाधान का आश्वासन दिया।

# अन्नदाता के खिलाफ षड़यंत्र, आत्महत्या के लिए मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

आम आदमी पार्टी ने प्रदेश में किसानों के साथ हो रहे अन्याय पर दुर्ग जिले के पटेल चौक पर विशाल धरना प्रदर्शन किया। आम आदमी पार्टी प्रदेश महासचिव वदूद आलम ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार छत्तीसगढ़ के अन्नदाता के खिलाफ एक के बाद एक नए नए षड्यंत्र कर आत्महत्या के लिए मज़बूर कर रही है। आम आदमी पार्टी प्रदेश उपाध्यक्ष दुर्गा झा ने कहा सरकार ने घोषणा की थी कि धान खरीदी 15 नवंबर से शुरू की जायेगी, लेकिन सबको पता है



कि सरकार ने लेट कर धान खरीदी कहीं पर 17 तारीख कहीं पर 18 तारीख और कई जगह तो 25 नवम्बर से खरीदी चालू की। अब धान खरीदी 29 जनवरी को बंद कर रहे हैं जबकि सरकार ने 31 जनवरी तक धान खरीदने की बात कही थी, जो की अपनी बात से ही मुकर रही है। संगठन मंत्री संजीत विश्वकर्मा ने कहा सरकार ने साजिश के तहत लाखों छोटे किसानों का जबरदस्ती रकबा समर्पण करवा रही है। वहीं कुछ किसानों को आज तक टोकन नहीं मिला है ना ऑनलाइन, ना ऑफलाइन। जो छोटे किसान थे, उन्हें 1 टोकन, जो मीडियम किसान थे, उन्हें 2 टोकन और बड़े किसानों को 3 टोकन दिया गया। बावजूद इसके आज भी किसान अपनी पूरी धान नहीं बेंच पा रहे हैं। विरोध में आप कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। राज्यपाल के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। साथ ही आगामी दिनों में उग्र आंदोलन की चेतावनी दी।

# मंत्री गजेन्द्र ने किया इंदिरा मार्केट में डामरीकरण कार्य का भूमिपूजन

दुर्ग। दुर्ग शहर के वार्ड 30 इंदिरा मार्केट में बीटी (डामरीकरण) रिनिवल कार्य का भूमिपूजन दुर्ग निगम के जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। भूमिपूजन के मुख्य अतिथि रहे केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा की यह कार्य दुर्ग शहर की सड़क को और अधिक सुगम और सुरक्षित आवागमन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस दौरान मार्केट के व्यापारी संघ के सदस्यों ने लंबित मांग पूरी होने पर शिक्षा मंत्री का आभार जताये और दुर्ग बाजार क्षेत्र में और भी विकास कराने चर्चा किये। उन्होंने बताया की दुर्ग जिला मुख्यालय होने की वजह से जिलेभर के नागरिकों का बाजार और शासकीय कार्यालय में आवागमन होता रहता है ऐसे में सड़क का सुगम होना आवश्यक है। दुर्ग विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य के लिए हुए भूमिपूजन में 90.14 लाख की लागत से श्री शिवम मॉल से सर्किट हाउस तक (चिटनावीस रोड) 2.155 किलोमीटर तथा कलेक्ट्रेट परिसर के भीतर 0.485 किलोमीटर सड़क का डामरीकरण किया जाएगा। सड़क निर्माण कार्य पूर्ण होने



के बाद आम नागरिकों, व्यापारियों एवं राहगीरों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार जनता की मांग और अपेक्षाओं को प्राथमिकता देते हुए निरंतर विकास कार्य कर रही है। दुर्ग शहर के समग्र विकास के लिए सड़क, नाली, भवन जैसी मूलभूत सुविधाओं और अधोसंरचना को मजबूत किया जा रहा है, जिससे शहर को विकसित बनाया जा सके। इस अवसर पर मेयर अल्का बाघमार, जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, सभापति श्याम शर्मा, शिवेंद्र परिहार, विनोद अरोरा, महेंद्र लोढ़ा, बंटी चौहान, शशि द्वारिका साहू, सरिता चंद्राकर आदि मौजूद थे।

---

**समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय भिलाई-3 (छ.ग.)**

**शपथ पत्र**

मैं शपथकर्ती सतरूपा बाई तारक पिता गजानंद बाघमारे आयु-41 वर्ष, निवासी-वार्ड नं.- 5 खोपरा दुर्गा चौक भटगांव तह.- व जिला-रायपुर (छ.ग.), पिन-493661 आधार क्रमांक XXXX XXXX 8782 निम्नलिखित शपथपूर्वक अभिकथन प्रस्तुत करती हूँ :-

1. यह की मेरा नाम व पता उपरोकतानुसार है !
2. यह कि LIC OF INDIA की पालिसी क्र.- 386984066 जो की मेरी बहन भारती बाघमारे के नाम से है जिसमे नोमनी स्वरूप मेरे विवाह के पूर्व का नाम रूपा बाघमारे दर्ज है वर्तमान में विवाह पश्चात मेरा नाम सतरूपा बाई तारक पति बिशेशर तारक हो गया है। जिसका उल्लेख मेरे पैन कार्ड क्र.- CTDPT7552E, आधार कार्ड क्र.-XXXX XXXX 8782 एवं स्टेट बैंक शाखा- भटगांव खाता क्र.- 34017528087 में दर्ज है।
3. यह की रूपा बाघमारे एवं सतरूपा बाई तारक दोनों एक ही व्यक्ति का नाम है जो मेरा नाम है।
4. यह की उक्त कारणों से रूपा बाघमारे एवं सतरूपा बाई तारक दोनों नाम को एक ही व्यक्ति का नाम पढ़ा जावे।

अतः शपथ – पत्र सादर प्रस्तुत है।

सतरूपा बाई तारक
शपथकर्ती

---

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल बोरी बुजुर्ग, तहसील बोरी, जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**आम सूचना**

**विषयः- सीमांकन के संबंध में आम सूचना।**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सी. दयानंदन पिता सी. वैंकटैयया निवासी मकान नं. 64/ए/8/नेहरु नगर पश्चिम भिलाई दुर्ग द्वारा आवेदित भूमि ग्राम डोमा प.ह.नं. 05 रा.नि.मं. बोरीबुजुर्ग स्थित भूमि जिसका खसरा नं. 550, 557, 558 रकबा क्रमशः 0.19, 0.29, 0.27 हे. भूमि का सीमांकन न्यायालय नायब तहसीलदार बोरी के ज्ञापन क्रमांक क्यू आदेश दिनांक 29/12/2025 के परिपालन में दिनांक 09/2/26 को 12 बजे किया जावेगा। उक्त भूमि के सीमांकन के संबध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को, जो भूमि में प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष हित रखते हों तो अपने स्वत्व अर्जन के वैध दस्तावेज, नक्शा, खसरा, ले-आउट तथा रजिस्ट्री की प्रतिलिपि सहित मौके पर उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। तत्पश्चात् की गई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

जारी दिनांक : 21/01/26

हस्ताक्षर
राजस्व निरीक्षक, बोरी बुजुर्ग

---

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, NOOR MOHAMMAD S/o. SHEKH MAHBOOB R/o.- 133, Block No.- 4,5,6 and 7, Chandranagar Kohka, Ward No.- 14, Bhilai, Tah. & Distt- Durg ( C.G.) have changed my son's old name IRFAN MOHAMMAD S/o. NOOR MOHAMMAD. So in future my son should be recognized by his new name that is MOHAMMAD IRFAN S/o. NOOR MOHAMMAD in all Government and other documents.

**NOOR MOHAMMAD**
R/o.- 133, Block No.- 4,5,6 and 7,
Chandranagar Kohka,
Ward No.- 14, Bhilai,
Tah. & Distt.- Durg ( C.G.)

---

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं नूर मोहम्मद आ. स्व. शेख महबूब निवासी- 133, सड़क नं.- 4,5,6 एवं 7 तक चंद्र नगर कोहका, वार्ड नं.- 14, भिलाई, तह. व जिला- दुर्ग (छ.ग.) यह शपथ करता हूं कि मेरे पुत्र का पुराना नाम इरफान मोहम्मद पिता नूर मोहम्मद को त्याग कर नया नाम मोहम्मद इरफान पिता नूर मोहम्मद रख लिया हूँ।

अतः आज से मेरे पुत्र को समस्त शासकीय/ अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे पुत्र का नाम मोहम्मद इरफान पिता नूर मोहम्मद से ही जाना- पहचाना जावे।

**नूर मोहम्मद**
निवासी-133, सड़क नं.- 4,5,6
एवं 7 तक चंद्र नगर कोहका,
वार्ड नं.- 14, भिलाई,
तह. व जिला- दुर्ग (छ.ग.)

---

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल-कोहका तहसील व जिला-दुर्ग**

**सूचना-पत्र**

क्रमांक 1130/रा.नि./2025 कोहका, दिनांक 29/01/2026

**आवेदक-राजीव कुमार पाठक**
**आ. श्री सुरेन्द्र पाठक**


**विषय :- सीमांकन/स्थल जांच के संबंध में सूचना बावत।**

ग्राम कुरुद पहन 46 रा.नि.मं कोहका, तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 1400/87 रकबा 0.02 हे. का सीमांकन/ स्थल जांच हेतु न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर/ अधीक्षक भू-अभिलेख / सिविल न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर / अधीक्षक भू-अभिलेख शाखा दुर्ग के ज्ञापन क्रमांक 49 दिनांक 20/01/2026 के परिपालन में दिनांक 12/02/2026 को समय 11 से 5 बजे के बीच में सीमांकन/ स्थल जांच किया जाना है।

अतः आप सभी हितबद्ध पक्षकार अपने दस्तावेज सहित नियत तिथि एवं समय में उपस्थित होवे, बाद की आपत्ति स्वीकार नही होगी।

राजस्व निरीक्षक
कोहका





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### तरुण को उत्कृष्ट कार्य का मिला सम्मान



**जामगांव आर।** संत विनोबा भावे कृषि महाविद्यालय मर्रा में सेवारत परिक्षेत्र विस्तार अधिकारी- 2 तरुण चंद्राकर को उत्कृष्ट कार्यों के लिए इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के कुलपति डॉ गिरीश चंदेल ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कुल सचिव डॉ कपिलदेव दीपक भी उपस्थित रहे। तरुण चंद्राकर स्वर्गीय कृष्ण कुमार चन्द्राकर माता स्वर्गीय श्रीमति तुलेशवरी चन्द्राकर ग्राम जोरातराई (भाठागाँवआर) निवासी है। इस सम्मान से कृषि महाविद्यालय में हर्ष व्याप्त है।सभी अधिकारी कर्मचारियों ने तरुण चंद्राकर को बधाई दी है।

### पुरुस्कार वितरण समारोह आज

**सेलूद।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सेलूद मे शुक्रवार 30 जनवरी को विद्यालय प्रांगण में वार्षिक पुरुस्कार वितरण समारोह का आयोजन रखा गया है। जिसमे प्रथम सत्र सुबह प्रथम सत्र दोपहर 12 बजे मुख्य अतिथि विजय बघेल सांसद, दुर्ग होंगे। अध्यक्षता रमेश देवांगन अध्यक्ष, शाला विकास समिति करेंगे। विशिष्ट अतिथि खेमिन साहू निवर्तमान सरपंच, सेलूद, विशेष अतिथि चंद्रिका चित्रसेन कलिहारी जनपद सदस्य पाटन, टामन लाल साहू अध्यक्ष, वृह. सेवा समिति सेलूद होंगे। द्वितीय सत्र में दोपहर 2 बजे मुख्य अतिथि भूपेश बघेल विधायक एवं पूर्व मुख्यमंत्री होंगे। अध्यक्षता देवेन्द्र चंद्रवंशी जिला पंचायत सदस्य करेंगे। विशिष्ट अतिथि खिलेश मारकंडे सरपंच, ग्राम पंचायत सेलूद, विशेष अतिथि जयश्री वर्मा पूर्व जिपं सदस्य राकेश कुमार साहू उपसरपंच, ग्राम पंचायत सेलूद होंगे।

## निधन

### सुशीला देवी



**भिलाई।** सेक्टर-5, सड़क 11, ब्लॉक नंबर 5/बी निवासी सुशीला देवी (82 वर्ष) पति स्व. जगत पाल सिंह का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गुरुवार 29 जनवरी को रामनगर मुक्ति धाम में किया गया। वे बीएसपी कर्मी सूर्यभान सिंह और उदयभान सिंह की मां व अभय प्रताप सिंह, विशाल, रचित की दादी थीं।

### पीएस डेनियल

**भिलाई।** बीएसपी के सीआरएंडएम ब्लास्ट फर्नेस के सेवानिवृत्त स्टोर इंचार्ज पी. एस. डेनियल (94) का निधन हो गया। पालूर कूडल, केरल के मूल निवासी डेनियल का अंतिम संस्कार 30 जनवरी शुक्रवार को सुबह 10 बजे एमआईजी 281 ओल्ड एलआईजी ग्राउंड पद्मनाभपुर दुर्ग से निकलेगी। वे स्व. थंकम्मा डेनियल के पति, डी. शाजी कुमार, डी. शम्मी कुमार और शीला रेगी के पिता थे।

### कमलेश नौकरकार



**दुर्ग।** कमलेश नौकरकार पिता रामभाऊ नौकरकार का गुरुवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 30 जनवरी को दोपहर 2.30 बजे शिवनाथ नदी में किया जाएगा। शव यात्रा उनके निवास बिमलेश्वरी कॉलोनी, नर-नारायण मंदिर के पास, बोरसी दुर्ग से निकाली जाएगी।

अब तक कार्रवाई नहीं होने से रोष

# सचिव के स्थानान्तरण की मांग कर रहे पंचायत प्रतिनिधि पहुंचे सीईओ तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

आवेदन, जांच प्रतिवेदन एवं समिति प्रक्रिया पूर्ण



पंचायत प्रतिनिधियों ने जिला पंचायत सीईओ को आवेदन सौंपते हुए दो दिनों के भीतर सचिव का स्थानांतरण किए जाने की मांग की है। इन लोगों ने बताया कि सरपंच एवं पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा पूर्व में सचिव के स्थानांतरण हेतु आवेदन, जांच प्रतिवेदन एवं समिति प्रक्रिया पूर्ण किए जाने के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

स्थिति यह है कि स्वयं सचिव महेंद्र कुमार साहू भी दो बार स्थानांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत कर चुके हैं, , इसके बावजूद प्रशासनिक स्तर पर कोई हलचल नहीं है। इससे ग्राम पंचायत की प्रशासकीय गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं और ग्रामीणों के आवश्यक कार्य ठप पड़े हैं। पतोरा के सरपंच एवं पंचगणों ने कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि आगामी दो दिवस, अर्थात शनिवार तक सचिव का स्थानांतरण नहीं किया गया, तो सरपंच एवं समस्त पंच सामूहिक इस्तीफा देंगे। साथ ही पंचायत कार्यालय में तालाबंदी कर उग्र आंदोलन किया जाएगा। स्थानांतरण की मांग करने वालों में प्रमुख रूप से सरपंच भुनेश्वर साहू, उपसरपंच देवचरण कौशल, चुम्मन साहू, मनोज साहू, डीलेश्वरी साहू, दीप्ति श्रीवास, सरस्वती साहू, एकता, जामुन ठाकुर, कामिनी, मुकेश चांदने, कमलेश्वरी साहू, नेमबाई बंदे, रूपेश कोसरे, राधा ठाकुर, दीपक साहू, माहेश्वरी कुर्रे, हेमचंद ठाकुर, दिलेश्वरी, गोरेलाल श्रीवास, चित्रसेन कलिहारी सहित अन्य शामिल हैं।

### जपं पाटन की सामान्य सभा में बर्तन बैंक योजना का प्रस्ताव



**पाटन।** जनपद पंचायत पाटन की सामान्य सभा की बैठक में अध्यक्ष श्रीमती कीर्ति नायक ने पर्यावरण संरक्षण एवं जनहित को ध्यान में रखते हुए "बर्तन बैंक योजना" प्रारंभ करने का प्रस्ताव रखा। बैठक के दौरान अध्यक्ष श्रीमती कीर्ति नायक ने कहा कि जनपद पंचायत क्षेत्र में विवाह, सामाजिक एवं सामुदायिक आयोजनों के अवसर पर प्लास्टिक एवं डिस्पोज़ेबल सामग्री का अत्यधिक उपयोग किया जा रहा है, जिससे पर्यावरण प्रदूषण बढ़ रहा है और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की समस्या उत्पन्न हो रही है। साथ ही इससे गरीब एवं मध्यम वर्गीय परिवारों पर अनावश्यक आर्थिक बोझ भी पड़ता है। प्रस्तावित बर्तन बैंक योजना के अंतर्गत स्टील/एल्यूमिनियम के बर्तन क्रय कर उन्हें सामाजिक एवं पारिवारिक आयोजनों हेतु नागरिकों को नाममात्र शुल्क पर उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे प्लास्टिक के उपयोग में कमी आएगी और स्वच्छ एवं पर्यावरण-अनुकूल आयोजनों को प्रोत्साहन मिलेगा।

# अकतई में गुरुवार रात में पहुंचा चांवल, मिली राहत


... की योजना में नहीं मिला राशन का चावल, ग्रामीण हो ...

**जामगांव आर।** अंततः ग्राम अकतई में गुरुवार रात में राशन का चांवल पहुंच गया। धरती आभा ग्राम उत्कर्ष योजना के तहत केंद्र सरकार द्वारा चयनित ग्राम अकतई राशन वितरण केंद्र में पात्र हितग्राहियों पूरा चावल नहीं मिलने की खबर हरिभूमि ने प्रमुखता के साथ प्रकाशित की थी। खबर का असर सामने आया गुरुवार रात में चांवल अकतई पहुंच गया। सरपंच माधुरी नरोत्तम निषाद ने मीडिया जगत के सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए बताया कि गुरुवार को कलेक्टर दुर्ग और एसडीएम पाटन जाकर समस्या से अवगत कराया गया। सरपंच प्रतिनिधि ने प्रशासन की त्वरित कार्यवाही के लिए साधुवाद ज्ञापित किया है।

खबर का असर

## अंचल की खबरें

### एक साथ किए गए पांच सफल सिजेरियन प्रसव



**निकुम।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निकुम में 28 जनवरी को 5 सफल सिजेरियन प्रसव कराए गए। इससे महिलाओं व उसके परिवारों के चेहरे पर खुशिया झलक उठी। इनमें प्रसूता माया बाई (28वर्ष) निकुम, डुलेश्वरी बाई (26वर्ष), रीना (30वर्ष), शकुन्तला बाई (28वर्ष) गनियारी और सोमलता (28वर्ष) शामिल है। वहीं परिवार नियोजन की दिशा में बेहतर पहल करते हुए 9 महिलाओं की नसबंदी की गई। जिसमे महिला विशेषज्ञ डॉ विनीता ध्रुव, डॉ ज्योति ध्रुव, डॉ सोनम, डॉ जी एस ठाकुर सहित स्टाफ नर्स अश्वस्ति, मंजुलता, सुनीता की टीम ने बेहतर कार्य किया। इस अवसर पर बीएमओ डॉ देवेंद्र बेलचंदन ने टीम की सराहना की।

### सम्मानित हुए प्रतिभावान



**सेलूद।** पाटन विकास खंड के ग्राम नारधी मे दो दिवसीय मानसगान एवं मंडाई महोत्सव व प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे बोर्ड परीक्षा मे उच्चतम अंक प्राप्त करने वाले व नवोदय विद्यालय मे चयनित बच्चों तथा पीएचडीधारी व विशेष उपलब्धि हासिल करने वाले प्रतिभाशाली बच्चों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत पाटन के अध्यक्ष कीर्ति नायक, जिला पंचायत दुर्ग के सभापति नीलम चंद्राकर, सांसद प्रतिनिधि राजेश चंद्राकर,मंडल अध्यक्ष कमलेश चंद्राकर, नारधी के सरपंच घनश्याम ठाकुर, जय हिंद नवयुवक मंडल के अध्यक्ष अरविंद पाल, मेघनाथ साहू,माधव प्रसाद सिन्हा,रूपेंद्र सिन्हा,राजेंद्र सिन्हा, भुनेश्वर सिन्हा, बलराम सिन्हा, कमल सिन्हा, ओमकार सिन्हा, बीरेंद्र पाल, लोकेश पाल, कामता साहू, भावेश साहू, शुभम वर्मा, तनवीर ठाकुर सहित सभी पंच, व समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

### सरोना रायपुर की टीम को हराकर मरोदा टाइगर्स



**सेलूद।** न्यू ज्योति क्रिकेट क्लब चुनकट्टा के तत्वावधान में क्रिकेट का महासंग्राम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें आसपास की टीमों के साथ साथ रायपुर,बालोद,धमतरी की टीमों ने भाग लिया। टूर्नामेंट का प्रारम्भ 18 जनवरी को हुआ । फाईनल में मरोदा टाइगर्स और सरोना रायपुर के बेहद रोमांचक मुकाबला रहा। जिसमें सरोना रायपुर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 8 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 74 रन का स्कोर खड़ा किया। जिसे मरोदा टाइगर्स की टीम ने 7.5 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य को हासिल कर 2विकेट से विजय हासिल की। पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि रोशनी सोनू राय सरपंच ग्राम पंचायत चुनकट्टा थे। अध्यक्षता अजय सिंह राजपूत उपसरपंच चुनकट्टा ने की। विशेष अतिथि चन्द्रिका चित्रसेन कलिहारी जनपद सदस्य पाटन, दिव्या कलिहारी ,विकेश्वर ठाकुर,सोनू रॉय,सतीश राय,छत्रपाल सिंह राजपूत ,बल्लू रॉय ,किशन हिरवानी ,चैनसिंह धृतलहरे और रॉकी रहे। प्रथम पुरस्कार मरोदा टाइगर्स की टीम ने जीता।द्वितीय पुरुस्कार सरोना रायपुर तृतीय पुरुस्कार एचएम एकता पाटन की टीम तथा चतुर्थ पुरुस्कार फाइटर्स जामुल टीम ने जीता। फाइनल मैच में मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दादू मरोदा टाइगर्स ,मैन आफ द सीरीज आशीष सरोना ,बेस्ट बॉलर मुकेश मरोदा , बेस्ट बैट्समैन पिंटू मरोदा टाइगर्स को मिला। इस अवसर पर न्यू ज्योति क्रिकेट क्लब के बसंत कुमार साहू,कुलदीप बॉय यादव,नरसिंह साहू,अजित ठाकुर,अमित जॉय,जागीर ठाकुर, मिथलेश बंजारे,कामेश्वर ठाकुर,मलिंगा ,राहुल साहू और ईश्वरी ठाकुर आदि उपस्थित रहे।



## केवल नौकरी प्राप्त करने का साधन नहीं, बल्कि सफल जीवन का मार्ग हैं शिक्षा

■ शाउमा विद्यालय रसमड़ा में वार्षिक उत्सव और पुरस्कार

**अंडा।** ग्राम रसमड़ा स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित वार्षिकोत्सव और पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर थे। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को उनकी उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया तथा सभी छात्र-छात्राओं को शिक्षा, संस्कार और अनुशासन के मार्ग पर आगे बढ़ते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। विद्यालय के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष उपलब्धि प्राप्त करने वाले बच्चों के प्रतीक चिन्ह व चेक प्रदान कर सम्मानित किया गया। आयोजन को संबोधित करते हुए विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है। शिक्षा केवल नौकरी प्राप्त करने का साधन नहीं, बल्कि सफल जीवन का मार्ग है। सामाजिक विकास का मूलमंत्र शिक्षा है। चाहे जीवन जीने की कला हो, व्यापार, कृषि या कोई अन्य क्षेत्र प्रत्येक क्षेत्र में सफलता के लिए शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक, जिला अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा टेखन सिन्हा, जनपद अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन, जिला उपाध्यक्ष मनोज सोनी, जिला मंत्री गिरिश साहू, जिला पंचायत सभापति प्रिया साहू, सरपंच मोतिम निषाद सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# तालाब में भवन बनाने की तैयारी से नगर में उबाल, की गई शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा



यहां तालाब पर सामुदायिक भवन निर्माण की तैयारी से पूरे नगर में जबरदस्त आक्रोश है। वार्ड क्रमांक 02 में आंगनवाड़ी भवन के पीछे स्थित तालाब क्षेत्र को पाटकर निर्माण की योजना के खिलाफ शिकायतकर्ताओं ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर तीखा विरोध दर्ज कराया है।

शिकायतकर्ताओं का कहना है कि प्रस्तावित स्थल राजस्व अभिलेखों में स्पष्ट रूप से "तालाब" के रूप में दर्ज है। इसके बावजूद वहां निर्माण की कोशिश करना सुप्रीम कोर्ट द्वारा स्थापित सार्वजनिक विश्वास सिद्धांत की खुली अवहेलना है। इस सिद्धांत के अनुसार तालाब, झील और अन्य जलस्रोत जनता की अमानत हैं, जिनका संरक्षण राज्य का संवैधानिक दायित्व है। यह अधिकार संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत नागरिकों के स्वच्छ पर्यावरण के अधिकार से सीधे जुड़ा है। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि वेटलैंड्स (संरक्षण और प्रबंधन) नियम, 2017 के तहत तालाब या संरक्षित जलाशय के भीतर किसी भी प्रकार का स्थायी निर्माण पूर्णतः प्रतिबंधित है। इसके बावजूद तालाब क्षेत्र में निर्माण की जिद प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है। स्थानीय नागरिकों के अनुसार संबंधित तालाब लगभग 15 फीट गहरा है और वर्तमान में नगर का कचरा यहीं डाला जा रहा है, जिससे यह क्षेत्र दलदली और अत्यंत अस्थिर हो चुका है। ऐसे स्थान पर करीब 25 लाख रुपये की लागत से भवन निर्माण को न केवल जानलेवा खतरा बल्कि सरकारी धन की खुली बर्बादी बताया जा रहा है। शिकायतकर्ताओं ने यह भी स्पष्ट किया कि पूर्व में स्वयं कलेक्टर द्वारा इसी स्थल पर सामुदायिक भवन निर्माण प्रस्ताव को निरस्त किया जा चुका है। इसके अलावा वर्ष 2015 में 15 लाख रुपये की स्वीकृति के बावजूद तालाब स्थल होने के कारण निविदा प्रक्रिया भी निरस्त करनी पड़ी थी, फिर भी उसी स्थान को दोबारा चयनित करना समझ से परे बताया जा रहा है। नगरवासियों ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि तालाब को बचाते हुए सामुदायिक भवन का स्थान तत्काल नहीं बदला गया, तो यह विरोध नगरव्यापी जन आंदोलन का रूप लेगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# मील का पत्थर साबित हो रहा पुरखों का योगदान : बघेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

■ कुर्मी समाज की महिलाओं ने शोभायात्रा निकाली, स्वास्थ्य शिविर में किया रक्तदान



छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज पाटन राज का 80 वां वार्षिक राज अधिवेशन ग्राम पंदर में विविध आयोजन के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि हमारे पुरखों का योगदान प्रेरणादायक रहा है, जो आज मील का पत्थर साबित हो रहा है।

ग्राम पंदर के दानवीर स्वर्गीय केजा बाई वर्मा एवं शिक्षाविद प्राचार्य स्व दानीराम वर्मा स्मृति सभा स्थल पंदर(पाटन ) में आयोजित समारोह में कलश शोभा यात्रा महिलाओं ने निकाली। इस दौरान समाज के दानदाता व प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। अधिवेशन में दो जोड़ा सामूहिक आदर्श विवाह एवं ग्लोबल स्टार हॉस्पिटल के सौजन्य से- निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। जिसमे मुख्य रूप से हड्डी रोग, दंत रोग, पेट एवं लीवर रोग, जनरल सर्जरी, जनरल मेडिसिन एवं आँख रोग के विशेषज्ञ उपस्थित थे। माँ काली मेडिकल होलसेल एवं डिस्ट्रीब्यूटर पाटन (राजू वर्मा) के द्वारा निःशुल्क रक्तदान शिविर रखा गया। कार्यक्रम में अध्यक्षता खोडस राम कश्यप( केन्द्रीय अध्यक्ष छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज रायपुर) ने की। वहीं संयोजक युगल आडिल (राजप्रधान पाटन राज), अतिविशिष्ट जितेन्द्र वर्मा, (प्रदेश मंत्री भाजपा), विशेष अतिथि के रूप में सीताराम वर्मा, (पूर्व केन्द्रीय अध्यक्ष छ. ग.म.कु. क्ष.समाज ) अमरचंद वर्मा ,कमल वर्मा,जनपद अध्यक्ष कीर्ति नायक, उपाध्यक्ष कमलेश वर्मा, जनपद सदस्य कुसुमलता वर्मा आदि मौजूद थे।

### कर्मा भवन सेलुद में रजत जयंती महोत्सव आज

**सेलूद।** छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के द्वारा छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव का आयोजन 30 जनवरी शुक्रवार को दोपहर 12 बजे से कर्मा भवन सेलुद में किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव वर्ष 2025-2026 छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड छत्तीसगढ़ राज्य के स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में संपूर्ण राज्य में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। उसी तारतम्य में सी.एस.पी.डी.सी.एल. दुर्ग क्षेत्र द्वारा वितरण केन्द्र सेलुद के कर्मा भवन सेलुद में आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी कनिष्ठ अभियंता भुपेश वर्मा द्वारा प्रदान किया गया।

### आगेसरा में निःशुल्क एंबुलेंस सेवा शुरू



**जामगांव आर।** ग्राम पंचायत आगेसरा में निःशुल्क कोचिंग के बाद अब ग्रामीणों के लिए 24 घंटे की निशुल्क एम्बुलेंस सेवा गणतंत्र दिवस से उपलब्ध कराई है। रमाकांत साहू सरपंच ग्राम पंचायत आगेसरा ने अपने निजी वाहन को निःशुल्क एम्बुलेंस सेवा हेतु प्रारंभ किया है। इस अवसर पर मां वृंदा देवा डिंडा कपाट धाम में पूजा अर्चना उपरांत सरपंच रमाकांत साहू के पिता सियाराम साहू, बड़े पिता जसवंत साहू, नंद कुमार पटेल, द्वारा ग्राम पंचायत के सचिव एवं समस्त पंचों को वाहन की चाबी सौंपी। आयोजन में छब्लू साहू, योगेश साहू, पूनम पटेल, देवेंद्र पटेल, यमन साहू एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित थे। इस वाहन का संचालन करने वाले ग्राम पंचायत हेतु वाहन चालक के रूप में सहयोग प्रदान करेंगे। टीकम साहू, खिलेश्वर गंगबेर, दीनानाथ साहू, प्रकाश गंगबेर, मिलेंड साहू, भोजू साहू की टीम यहां आपातकालीन सेवा के सेवा प्रदान करेगी।

## ग्रामीण अंचल में गणतंत्र दिवस की धूम

# राष्ट्रभक्ति एवं उल्लासपूर्ण वातावरण में फहराया तिरंगा, दी सलामी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी



नगर पालिका परिषद कुम्हारी क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न जगहों पर 77 वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया गया। नगर पालिका परिसर में पालिका अध्यक्ष मीना वर्मा ने ध्वज फहराया। आईसीएफएआई विश्वविद्यालय कुम्हारी परिसर में कुलपति प्रो. एस. डी. पांडेय एवं कुलसचिव डॉ. अर्चि दुबे ने विधिवत ध्वजारोहण किया। स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में भी शाला विकास समिति के अध्यक्ष आलोक दुबे ने ध्वजारोहण किया वहीं आभार प्राचार्य विजया श्रीवास्तव ने जताया। सेवा सहकारी समिति में अध्यक्ष मनोज वर्मा ने ध्वज फहराया। विद्यादीप पब्लिक स्कूल में संचालक बीआर सोनकर, नगर स्थित व्यवसायी संस्था गौरव टिम्बर में संचालक ब्रजभूषण पाण्डेय, वार्ड क्रमांक 14 में शिवा उद्यान के पास मोहल्ले वासियों ने, खारुन ग्रीन कॉलोनी में खारुन ग्रीन एसोसिएशन की अध्यक्ष मंजूलता तिवारी एवं श्रीमती तृप्ति चंद्राकर ने, श्री मंगल निकेतन उरला में मानक चंद सेठिया ने, सरस्वती शिशु मंदिर में के.एस.के इंजी. इंडस्ट्रीज के डायरेक्टर प्रतीक बाबू ने, स्प्रिंगडेल्स पब्लिक स्कूल में वार्ड पार्षद हरिदास वैष्णव ने ,प्रेस क्लब ऑफ कुम्हारी में प्रेस क्लब अध्यक्ष विक्रम शाह ठाकुर ने और कुम्हारी व्यापारी संघ द्वारा स्टेशन चौक में पालिकाध्यक्ष श्रीमती मीना वर्मा ने ध्वजारोहण किया।

### अधिकारी-कर्मचारी सम्मानित



**अंडा।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के चिंगरी ग्रामीण कोटवार नारद दास मानिकपुरी को उनके सराहनीय कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। सम्मान समारोह में दुर्ग कलेक्टर अभिजीत सिंह, माननीय संघ राज्य मंत्री तोखन साहू एवं विधायक ललित चंद्राकर की गरिमामयी उपस्थिति रही। में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। गणतंत्र दिवस के अवसर पर देशभक्ति से ओतप्रोत वातावरण में कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### गणतंत्र दिवस पर बच्चे हुए सम्मानित



**अंडा।** प्राथमिक शाला ग्राम भरदा में गणतंत्र दिवस पर बच्चे द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई तथा विभिन्न क्षेत्रों में स्कूली एवं ग्रामीण प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि जनपद के पूर्व सभापति टिकेश्वरी लाल देशमुख थे। इस अवसर पर विशेष रूप से उपसरपंच देवनाथ देशमुख, पूर्व सरपंच जयप्रकाश भारदीय, पूर्व उपसरपंच गुमेन्द यादव , योगेन्द्र भारदीय एवं श्रवण कुमार देशमुख, छन्नूलाल यादव चंद्रिका देशमुख,अशोक देशमुख सहित शाला परिवार आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मितानिन सहित बड़ी संख्या मे लोग उपस्थित थे।

सेक्स अंगों की कॉस्मेटिक सर्जरी
Fat Injection
Vagina Tightening
(महिलाएं व पुरुष दोनों हेतु)
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

# गणितज्ञ रामानुजन जयंती पर विद्यार्थियों को बताया गणित का महत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

## जिला स्तरीय राष्ट्रीय विज्ञान दिवस तथा राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन



प्रसिद्ध भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती के उपलक्ष में विद्यार्थियों को गणित के महत्व इसके उपयोग और रामानुजन के अनुकरणीय योगदान को सम्मानित करने हेतु राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन किया जाता है। इसी परिप्रेक्ष्य में छत्तीसगढ़ सॉन्ग काउंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी रायपुर के तत्वावधान में डॉ. जीके राय के निर्देशन में तथा जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय राष्ट्रीय विज्ञान दिवस व राष्ट्रीय गणित दिवस का 28 जनवरी को श्री शंकराचार्य विद्यालय हुडको में किया गया। इसमें जिले से 81 टीम और 243 विद्यार्थी, 81 गाइड टीचर के साथ शामिल हुए। प्रतियोगिता का आयोजन साइंस फॉर सस्टेनेबल लिविंग थीम के तहत किया गया जिसे 7 सप्ताह में सब थीम में बांटा गया था। भौतिक शास्त्र, रसायन विज्ञान,जीव विज्ञान, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग, आर्ट तथा गणित। प्रत्येक विधा में विद्यार्थियों द्वारा इन्नोवेटिव आईडियाज को पोस्टर प्रेजेंटेशन तथा स्टेटिक व वर्किंग मॉडल के द्वारा प्रदर्शित किया गया। इस कार्यक्रम में गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में आईआईटी भिलाई के एसोसिएट प्रोफेसर तथा विभाग अध्यक्ष मेकाट्रॉनिक्स डॉ. गगन राज गुप्ता उपस्थित थे। उन्होंने प्रत्येक एक्जीबिट का अवलोकन किया। उन्होंने अपने मोटिवेशनल उद्बोधन में विद्यार्थियों व शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार अनुभवजन्य शिक्षा व कौशल आधारित शिक्षा हेतु स्किल मैपिंग की जरूरत तथा टीचिंग मेथोडॉलाजी की जानकारी दी। कार्यक्रम में एक्सपर्ट रिसोर्स पर्सन के रूप में डॉ. गगन राज गुप्ता , एसोसिएट प्रोफेसर, कंप्यूटर साइंस , विभागाध्यक्ष मेकेट्रॉनिक्स, आई आई टी भिलाई ने शिक्षकों को विद्यार्थियों के लिए विज्ञान व गणित विषय को आनंददायक और अवधारणाओं को अनुभवजन्य अधिगम कराने वैज्ञानिक प्रविधि के उपयोग हेतु मार्गदर्शन विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से दिया। विभिन्न प्रकार की कलाओं को विज्ञान के साथ इंटीग्रेट कर विज्ञान व गणित शिक्षण के माध्यम से विद्यार्थियों में स्किल डेवलपमेंट के तरीके बताएं। जिला अकादमिक समन्वयक सोमेन कुंडू तथा जिला समन्वयक सपना सोनी ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

### जिला स्तरीय प्रतियोगिता का परिणाम

सबथीम भौतिक शास्त्र प्रथम स्थान तौसीभ खान, लक्ष्य ,भावेश कुमार श्री शंकराचार्य विद्यालय हुडको, द्वितीय स्थान धनंजय दिल्लीवार, जिज्ञासु, प्रफुल पांडे सेजस सेक्टर 6 भिलाई , रसायन शास्त्र प्रथम स्थान प्रिया यादव ,निर्जला वर्मा, कीर्ति साहू शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चीचा, द्वितीय स्थान झलक साहू ,वेदिका देशमुख लाडली सेन सेजस खमरिया, जीव विज्ञान प्रथम स्थान देविका ,राखी यादव, हिना साहू शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोढी, द्वितीय स्थान वाणी, भावना हिना साहू सेजस खमरिया, टेक्नोलॉजी में प्रथम स्थान कैलाश यादव, आकाश कुमार शुभम धुव शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुरैना, द्वितीय स्थान गौरव देवांगन सेजस तितुरडीह, इंजीनियरिंग में प्रथम स्थान सोमेश, हिमेश, दीपांशु सेजस अंडा, द्वितीय स्थान यशराज देवांगन, तोरण अभय मरकाम शासकीय हाई स्कूल सिकोलाभाठा, आर्ट्स प्रथम स्थान भूमिका चक्रधारी आदि हैं।

## खबर संक्षेप

### श्री शंकरा विद्यालय में वार्षिकोत्सव आज

**भिलाई।** श्री शंकरा विद्यालय सेक्टर-10 में वार्षिकोत्सव कनकधारा का आयोजन 30 जनवरी को शाम 5.30 बजे से किया गया है। मुख्य अतिथि एएसपी ट्रैफिक रिचा मिश्रा, विशेष अतिथि दुर्ग जिला अस्पताल की डॉ. विनिता ध्रुर्वे होंगी।

### भिलाई मड़ई आज से

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक संस्कृति एवं सांस्कृतिक विरासत को समर्पित भिलाई मड़ई 2026 का दस दिवसीय आयोजन 30 जनवरी से 8 फरवरी तक सिविक सेंटर हेलीपैड ग्राउंड भिलाई में किया जा रहा है। आयोजक योगेश अग्रवाल, होमन देशमुख और प्रकाश महोबिया है। इस आयोजन के माध्यम से छत्तीसगढ़ की लोककला, संगीत, नृत्य, पारंपरिक खेल, सांस्कृतिक गतिविधियां और आधुनिक युवा कला मंच को एक साथ प्रस्तुत किया जाएगा। साथ ही स्थानीय कलाकारों, कारीगरों एवं व्यापारियों के लिए भी मंच प्रदान किया जाएगा।

### ज्येष्ठ नागरिक संघ के अध्यक्ष बने सीएस पांडेय



**दुर्ग।** ज्येष्ठ नागरिक संघ पद्मनाभपुर का त्रिवार्षिक चुनाव आशीर्वाद भवन में सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। मतदान प्रक्रिया में बड़ी संख्या में वरिष्ठ नागरिक पहुंचे। अध्यक्ष पद पर सीएस पांडेय निर्वाचित हुए। निर्वाचन अधिकारी ने विजयी प्रत्याशियों की घोषणा करते हुए शांति पूर्ण चुनाव संपन्न होने के लिए वरिष्ठ नागरिकों का आभार माना। इस चुनाव में उपाध्यक्ष दयालुराम साहू, सचिव सुधीर भालचंद्र पाटणकर, सहसचिव विवेक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष ईश्वरी प्रसाद टिकरिहा एवं कार्यकारिणी सदस्य रमेश टहनगुरिया,चरणपाल वाजवा, दिनेश कुमार शर्मा, राजनारायण श्रीवास्तव, श्याम लाल साहू और प्रभात दुबे निर्वाचित हुए। शोभा अरोरा एवं रजनी श्रीवास्तव पूर्व में निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। रात्रि करीब 9 बजे निर्वाचन अधिकारी ने चुनाव परिणामों की घोषणा की गई।

### 77 एमएलडी फिल्टर प्लांट हुआ शुरू

**भिलाई।** सुपेला पाइप लाइन वर्क होने के कारण बुधवार को पूरे दिन 77 एमएलडी फिल्टर प्लांट बंद था । संधारण कार्य के कारण चंद्रा मौर्या, मदर टेरेसा, हाउसिंग बोर्ड,वैशाली नगर, छावनी, गौतम नगर, खुर्सीपार के कई क्षेत्रों में पेयजल की सप्लाई नहीं हो पाई थी। अचानक पेयजल नहीं आने से इन क्षेत्रों के लोगों को पेयजल के लिए परेशानी उठानी पड़ी। जिन लोगों के यहां बोर लगे हैं वहां से पानी का जुगाड़ करना पड़ा। हेडंपपों से भी लोग पानी लेकर काम चलाया।

## रिटेंशनधारी आंदोलन की तैयारी में जुटे, विधायक ने टाउनशिप में शुरु कराया सर्वे

# रिटेंशनधारियों में बढ़ा असंतोष, किराया वृद्धि वापस लेने प्रबंधन पर बढ़ाया चौतरफा दबाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सैकड़ों रिटायर बीएसपी कर्मियों के आवास किराया वृद्धि की समस्या का अब तक निदान नहीं होने से रिटेंशनधारियों में असंतोष बढ़ रहा है। उन्हें अब बेघर होने की चिंता सता रही है। यूनियनों व जन प्रतिनिधियों द्वारा किराया वृद्धि वापस लेने के लिए प्रबंधन पर दबाव बढ़ाना तेज कर दिया है। जल्द समस्या का निदान नहीं होने पर डाईसी बंगला के सामने प्रदर्शन की चेतावनी दी है।

बीएसपी प्रबंधन द्वारा दो महीने पूर्व टाउनशिप के चौदह सौ रिटेंशनधारियों के आवासों का किराया 32 गुना बढ़ा दिया गया है। किराया 24 रुपए वर्ग फीट कर दिया गया है। इससे रिटायर कर्मियों का किराया तीन चार हजार से बढ़कर 18 हजार से 20 हजार रुपए तक आ रहा है । रिटेशनधारी संघों,यूनियनों और जन प्रतिनिधियों के मनमाने किराया वृद्धि को वापस लेने की मांग को लेकर पुरजोर विरोध के बाद भी अब तक समाधान नहीं होने से रिटेंशन आवासधारियों को सड़क पर आने का अंदेशा सता रहा है। यूनियनों के मुताबिक अधिकतर रिटेंशनधारी सत्तर पार के हैं और मात्र चार हजार पेंशन है,ऐसे में पंद्रह, बीस हजार किराया कहां से पटा पाएंगे। कई रिटेंशनधारी दो माह से सिर्फ बिजली बिल ही जमा कर रहे हैं वे आवासीय किराया जमा नही कर रहे हैं। उनका कहना है कि रिटेंशन का नया नियम वापस लेने पर ही पुराने दर पर किराया राशि जमा करेंगे।

### बिजली का बकाया नहीं पटाने पर कटेगा कनेक्शन



### जनप्रतिनिधि संघ व यूनियनों का दबाव

रिटेंशनधारियों की किराया वृद्धि को वापस लेने की मांग लेकर जन प्रतिनिधियों ,रिटेंशनधारी संघों व यूनियनों ने प्रबंधन पर दबाव बढ़ाना तेज कर दिया है। रिटेंशधारी जहां सांसद विजय बघेल, पूर्व केबिनेट मंत्री प्रेमप्रकाश पांडेय व विधायक देवेंद्र यादव से सतत वार्ता कर उनके प्रबंधन से प्रयास का भरोसा प्राप्त कर रहे हैं वहीं और दूसरी ओर साप्ताहिक बैठकें कर प्रबंधन पर लगातार दबाव बढ़ा रहे हैं। रिटेंशधारी कल्याण संघ के कोर ग्रुप के सुरेशचंद सांसद श्री बघेल व रिटायर रिटेंशन कर्मचारी संघ के राजेंद्र परगनिया सैकड़ों रिटेंशनधारियों के साथ विधायक श्री यादव के माध्यम से भी दबाव बनाए हुए हैं। हफ्तेभर पूर्व रिटेंशन कल्याण संघ द्वारा नगर सेवाएं भवन के सामने प्रदर्शन कर 15 दिन में किराया वृद्धि वापस नहीं लेने पर बीएसपी के डाईआईसी बंगला के सामने प्रदर्शन की चेतावनी दी गई। इसके बाद बैठक कर तैयारी की जा रही है। इसमें जिला भाजपा के पदाधिकारी सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने पहुंचकर समर्थन दिया था। वहीं दिसंबर में विधायक यादव के रिटेंशन किराया वृद्धि वापस लेने की मांग को लेकर 4 दिवसीय आमरण अनशन के दौरान इस्पात भवन तक पैदल मार्च व जनजागरण अभियान चलाने का ऐलान किया गया था। इसके तहत विधायक ने टाउनशिप में रिटेंशधारियों के जनमत के लिए सर्व शुरु करवा दिया है। वहीं इंटक द्वारा भी कल बुधवार को मुर्गा चौक हुए प्रदर्शन में रिटेशन किराया वृद्धि को जल्द वापस लेने की मांग की गई है।

### बकायादार रिटेंशधारियों को मिला नोटिस

एक तरफ निर्वाचित जन प्रतिनिधि टाउनशिप के चौदह सौ रिटायर रिटेंशनधारियों को राहत दिलाने प्रयास करने व विरोध कर रहे हैं वहीं दूसरी ओर प्रबंधन द्वारा आउटस्टेंडिंग यानी बकायादारों को नोटिस जारी करना शुरु कर दिया गया है। रिसाली सेक्टर, सेक्टर 4, 5 और सेक्टर 8 के करीबन दर्जनभर ऐसे रिटेशनधारियों को नोटिस जारी किया गया है, जिन्होंने लंबे समय से बिजली बिल नहीं पटाया है। जल्द ही ऐसे लोगों की बिजली कटने का अंदेशा सता रहा है। चौदह सौ रिटेंशनधारियों में करीबन डेढ़ सौ रिटेंशनधारी ऐसे हैं, जो पिछले कई महीनों से आवासीय किराया नहीं जमा कर रहे हैं। जबकि अधिकतर रिटेंशनधारी नियमित किराया जमा कर रहे हैं। यूनियनों का कहना है कि मात्र सौ डेढ़ सौ बकायादार रिटेंशनधारियों के चलते सभी का मनमाना किराया बढ़ाना प्रबंधन का अनुचित और असंवेदनशील कदम है। नए रिटेंशन नियम को तत्काल वापस लिया जाए।

# भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने लगाया जनचौपाल




हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

केंद्र के नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व वाली सरकार के द्वारा विकसित भारत की राम जी अधिनियम जो ग्रामीण विकास के लिए मिल का पत्थर साबित होगी लेकर भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला दुर्ग के द्वारा दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के अंतर्गत आने वाले उतई मंडल के ग्राम हनोदा एवं खमहरिया में भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक के मुख्य उपस्थिति में एवं पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष तेखन सिन्हा के नेतृत्व में जन चौपाल लगाकर विकसित भारत जी राम जी के बारे में विस्तार पूर्वक वर्णन करते हुए उपस्थित ग्रामीणों को और उसमें कार्य करने वाले ग्रामीण जनों को जागरूक किया गया ।इस अवसर पर मंडल भाजपा महामंत्री प्रवीण यदु, कमलेश हिरवानी, सरपंच सुनीता साहू दुलारी देशलहरे संदीप कहार, उपस्थित रहे । इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने ग्रामीण जनों को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत की राम जी अधिनियम मनरेगा योजना का उन्नत और अधिक प्रभावी रूप है और कई मायनों में इससे बेहतर है मनरेगा में जहां 100 दोनों का रोजगार मिलता था वहीं अब इस अधिनियम के तहत ग्रामीण परिवारों को 125 दिनों के सुनिश्चित रोजगार की कानूनी गारंटी मिलेगी इससे मजदूरों की आमदनी में स्वाभाविक रूप से बढ़ोतरी होगी मजदूरी का भुगतान अब 7 दिनों के भीतर किया जाएगा यदि निर्धारित समय सीमा में भुगतान नहीं होता है तो विलंबित भुगतान पर अतिरिक्त राशि मजदूर को दी जाएगी। अगर हम कुल मिलाकर बात करें विकसित भारत की राम जी ग्रामीण क्षेत्र की तस्वीर और तकदीर पूरी तरह से बदलकर रख देगा ।इस अवसर पर ग्रामीण जनों को पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष तेखन सिन्हा ने संबोधित करते हुए कहा कि खेती किसानी के कार्य को सुरक्षित रखने के लिए भी अधिनियम में महत्वपूर्ण प्रावधान किया गया बुवाई और कटाई के समय 60 दिनों के तक कार्य रोके जा सकेंगे ताकि किसानों को पर्याप्त मजदूर उपलब्ध हो और कृषि गतिविधियां भी प्रभावित न हो इससे ग्रामीण पलायन भी रुकेगा और कृषि की उत्पादन को स्थिरता मिलेगी मनरेगा में पहले फर्जी मास्टर रोल ,मशीनों के उपयोग और धंधली की शिकायतें मिलती थी जिन्हें नया अधिनियम स्वतः समाप्त करेगा और पारदर्शिता बढ़ेगी । यह अधिनियम ग्रामीण क्षेत्र की सुंदरता को और विकास को बढ़ाएगा।

## रेलवे स्टेशन के पास अवैध शराब बेचते दो आरोपी गिरफ्तार



**दुर्ग।** थाना मोहन नगर पुलिस ने रेलवे स्टेशन दुर्ग के पास दुपहिया वाहन में अवैध शराब रखकर बिक्री कर रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 42 पौवा शराब जब्त कर आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज करते हुए दोनों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

पुलिस के अनुसार 29 जनवरी को मुखबिर से सूचना मिली थी कि मोहन नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत रेलवे स्टेशन के पास दो युवक स्प्लेंडर बाइक में बैठकर अवैध शराब बेच रहे हैं। सूचना के बाद पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर दबिश दी और नरेश पारधी (32 वर्ष) निवासी खुर्सीडीह बोरई व प्रशांत पारधी (19 वर्ष) निवासी खुर्सीडीह बोरई को पकड़ लिया। दबिश के दौरान पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 42 पौवा शराब, 7.86 बल्क लीटर अनुमानित कीमत 4620 रुपए जब्त की। इस मामले में थाना मोहन नगर में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

## यूपी-बिहार से जुड़े रेल यात्रियों की समस्याओं से अवगत हुए पूर्व मंत्री प्रेम प्रकाश पांडेय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



- प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन सौंप कर रखी विभिन्न मांगें, पांडेय ने पूरा कराने दिया आश्वासन

छत्तीसगढ़ यूपी बिहार रेल यात्री सेवा संघ के अध्यक्ष हाजी एम. एच. सिद्दीकी एवं सचिव मोहम्मद सलीम (अधिवक्ता) के साथ एक प्रतिनिधिमंडल ने पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रेम प्रकाश पाण्डेय से उनके आवास पर मुलाकात कर उन्हें रेल यात्रा में होने वाली कठिनाइयों से अवगत कराया। जिसमे प्रमुख रूप से उप्र. बिहार जाने वाले यात्रियों की समस्याओं के समाधान करने के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान गोंदिया बरौनी एक्सप्रेस 15231/15232 या सारनाथ एक्सप्रेस 15159/15160 को सप्ताह में कम से कम तीन दिन वाया मऊ, बेल्थरा रोड़, सलेमपुर, भटनी, मैरवा, सिवान, छपरा होकर चलाने और इसे वापसी में भिलाई पावर हाउस स्टेशन पर भी स्टॉपेज देने की मांग रखी गई। वहीं दुर्ग गोरखपुर नौतनवा एक्सप्रेस 18201/18202 को नियमित रूप से प्रतिदिन चलाने के साथ ही नौतनवा एक्सप्रेस 18201 के समय को परिवर्तित कर शाम 4.00 बजे से पहले दुर्ग से चलाने की मांग की गई। जिससे बनारस से आगे जाने वाले यात्रियों को समय पर अपने गाँव पहुंचने में आसानी हो। इसी तरह पावर हाउस रेलवे स्टेशन पर स्टॉपेज देने की भी मांग की गई। प्रेम प्रकाश पाण्डेय ने सभी मांगो को गंभीरता पूर्वक सुना और इन्हें पूर्ण कराने पूरी कोशिश करने का आश्वासन दिया। इस दौरान हीरालाल यादव, सत्तार अहमद, शशांक पाण्डेय, विवेक नायक, शाहनवाज़ अहमद एवं शहादत हुसैन भी प्रतिनिधि मंडल में प्रमुख रूप में शामिल थे।

## मड़ई मेला में पुलिस की सख्ती, 2 आर्म्स एक्ट केस 1000 कड़े किए जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

अनुविभाग धमधा क्षेत्र अंतर्गत आयोजित मड़ई मेला के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने और अपराध नियंत्रण के लिए दुर्ग पुलिस ने सघन सुरक्षा व्यवस्था लागू की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दुर्ग के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) और एसडीओपी धमधा के मार्गदर्शन में पुलिस टीमों ने लगातार गश्त, चेकिंग और वैधानिक कार्रवाई करते हुए असामाजिक तत्वों पर शिकंजा कसा। मेले में आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी गई। साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों पर सतत नजर रखते हुए आवश्यक कार्रवाई की गई। आर्म्स एक्ट के तहत 2 प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई, लगभग 1000 नग कड़े/आपत्तिजनक वस्तुएं जब्त की गई। वहीं शांति व्यवस्था भंग होने की आशंका पर 30 व्यक्तियों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई।



सुयश हॉस्पिटल
Care With Confidence
NABH
1 दिसंबर से 28 फरवरी तक
निसंतान दंपतियों के लिए
नि:शुल्क परामर्श
प्रथम 15 पंजीयन में IVF/ICSI पैकेज में 20% की छूट
93000 30000
97551 62611
FOLLOW US ON
क्लीनिकल टेस्ट में 20% की छूट
कोटा–गुढ़ियारी रोड, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

ओम हॉस्पिटल
NABH Entry Level
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
• हाई रिस्क प्रेगनेंसी (गर्भावस्था संबंधित जटिलताओं का संभव सफलतापूर्वक ईलाज)
• नार्मल एवं सिजेरियन डिलीवरी की सुविधा
• बांझपन का ईलाज
• मासिक धर्म में दर्द, अनिमियता, मासिक धर्म का रुक जाने का ईलाज एवं सलाह
• गर्भाशय के रोग जैसे बच्चेदानी में गाँठ, सूजन
• संक्रमण, श्वेद प्रदर (सफेद पानी जाना), गर्भाशय का अपने स्थान से हट जाने का ईलाज
• बच्चेदानी एवं अंडेदानी का कैंसर का ईलाज
• बच्चेदानी एवं अंडेदानी संबंधित सभी बीमारियों का दूरबीन द्वारा ईलाज
एच.पी.पेट्रोल पंप के पास, महादेवघाट रोड, रायपुरा चौक, रायपुर (छ.ग.), मो. 8370008551
खरोरा रोड, तिल्दा (छ.ग.), मो. 9302734809
स्व.राजा वीरेंद्र सिंह शासकीय महाविद्यालय के पास, एनएच रोड,सरायपाली (छ.ग.), मो.8370008558
प्रताप देव वार्ड नं. 11, हटा गांधी मैदान के सामने जगदलपुर (छ.ग.), मो. 9131753200
#Rajesh

## पेप्सी कंपनी के मैनेजर पर जानलेवा हमला करने वाले आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई।** पेप्सी कंपनी के मैनेजर और उसके साथियों पर जानलेवा हमला करने वाले तीन नाबालिग सहित पांच आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त बेसबॉल बैट, चाकू, डंडा तथा स्कूटी वाहन भी जब्त किया गया है। वैशाली नगर पुलिस के अनुसार 25 जनवरी को रवि रंजन (42 वर्ष), निवासी कैम्प-1, थाना छावनी ने थाना वैशालीनगर में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह पेप्सी कंपनी भिलाई के डिस्ट्रीब्यूटर अंकित यादव के सुंदरनगर स्थित गोदाम बाबादीप सिंह नगर में अपने साथियों के साथ बैठा था। इसी परिसर में स्थित सेलिब्रेशन प्वाइंट रिसोर्ट में आयोजित पार्टी के दौरान रात करीब 9.15 बजे कुछ युवक परिसर के बाहर आपस में झगड़ा और गाली-गलौज कर रहे थे। इस पर संचालक ने बाहर की लाइट बंद कर दी, जिससे युवक आक्रोशित हो गए और डंडा, चाकू और पत्थरों से हमला कर दिया। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी सूरज गुप्ता उर्फ गोलू (26 वर्ष), निवासी स्टेशन मरोदा और योगेश गुप्ता उर्फ बमबम (18 वर्ष), निवासी कैम्प-1, वृन्दा नगर सहित कुल 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

## एफएसएनएल की महती भूमिका : तोशिहिरो

# भारत में पहली बार स्टील ब्लस्टर बीएसपी में किया स्थापित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



भारत में प्रथम स्टील बल्स्टर एफएसएनएल प्राईवेट लिमिटेड (कोनोइके ग्रुप) द्वारा भिलाई इस्पात संयंत्र में स्थापित किया गया है। संयंत्र के बीएफ डम्प साइट में स्थापित इस मेगा ब्लस्ट का उदघाटन बीएसपी के कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार ने किया। यह स्टील प्रसंस्करण का उन्नत तरीका है, जिसे एफएसएनएल ने अपनी मूल कंपनी कोनोइके ग्रुप के सहयोग से स्थापित किया है। उदघाटन कार्यक्रम में कोनोइके के चेयरमेन तोशिहिरो फुजीवारा सहित युकिहिरो गोगोसे, जुनिची सासाहारा निदेशक और प्रबंध निदेशक सुनील दीक्षित, मुख्य महाप्रबंधक पंकज त्यागी, महाप्रबंधक एसके पोलू व इकाई प्रमुख प्रभाकर सिंह ठाकुर,मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी बीएसपी विशेष अतिथि थे। राकेश कुमार ने कहा कि एफएसएनएल द्वारा स्टील बल्स्टर की स्थापना देश में पहली बार भिलाई इस्पात संयंत्र के बीएफ डम्फ में स्थापित किया जाना एक ऐतिहासिक पहल है। इसकी स्थापना से कंपनी अपने तकनीकी सुधारों के काम में सुरक्षात्मक मापदंडों को पूर्ण करेगा। और इससे प्रोडक्टिविटी बढ़ेगी। त्यागी ने स्वागत संबोधन में कहा कि एफएसएन अपने तकनीकी सुधार के प्रति वचनबद्ध है। टीम भावन से काम करते हुए व्यर्त अर्थ उपार्जन कर रहे हैं। सुनील कुमार दीक्षित ने कहा कि एफएसएन ने पहली बार फैक्टम 250 डेनमार्क से पहली बार भारत में एफएसएनएल ने बीएसपी में स्थापित कर गौरव हासिल किया है। मशीन सटीक एनर्जी देती है ।सुरक्षा के सभी मापदंड खरे उतरते हैं और मटेरियल का कोई नुकसान नहीं होता है। तोशिहिरो ने कहा कि भारत का इस्पात उद्योग एक ऐतिहासिक मोड़ पर है। देश की अर्थ व्यवस्था का सतत विकास इस्पात उद्योग की प्रगति पर निर्भर करता है। इस परिवर्तन में एफएसएनएल की एक अहम भूमिका है। विकास के लिए असीम अवसर तलाशते हुए नवीनतम तकनालाजी का विस्तार किया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन राजभाषा अधिकारी छगन लाला नागवंशी व आभार प्रदर्शन जीएम एसके पोलू ने किया।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 16,500/
12 ज्योतिर्लिंग
स्पेशल ट्रेन से 29 जुलाई से 08 अगस्त 2026 तक
रिजर्वेशन कोच
18 मार्च, 08 अप्रैल, 13 मई 2026 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ऑंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
राशि:-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

# हरिभूमि लाइव

रायपुर, शुक्रवार 30 जनवरी 2026

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

7747020002, Message at - 9755819129


## मत्स्य पालन से जुड़े स्टार्टअप को कर रहे प्रोत्साहित



प्रदेश के कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने अपने उद्बोधन में कहा कि छग की कृषि आधारित अर्थव्यवस्था में पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन की भूमिका महत्वपूर्ण है। दीक्षांत केवल डिग्री प्राप्त करने का अवसर नहीं है, यह उस नई यात्रा का आरंभ है। जहां ज्ञान, प्रयोग, नवाचार और समाज सेवा एक साथ आगे बढ़ते हैं। श्री नेताम ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को उद्यमिता की दिशा में आगे बढ़ाने के लिए हरसंभव सहायता प्रदान कर रही है। पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन से जुड़े स्टार्टअप को प्रोत्साहन, अनुदान और प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा रहा है। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आर.आर.बी. सिंह ने विश्वविद्यालय के प्रगति का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. मीनेश सी शाह ने दीक्षांत उद्बोधन दिया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. बी.पी. राठिया ने समारोह का संचालन किया।

## लाइव इवेंट

### समर्पण का आयोजन, कलरिंग बुक पेंसिल और बिस्कुट का किया वितरित



**भिलाई।** भिलाई एजुकेशन ट्रस्ट द्वारा संचालित भिलाई महिला महाविद्यालय के बी.एड. छात्राओं द्वारा समर्पण के अंतर्गत संजीवनी बालिका आवासीय छात्रावास में समर्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रतिभा छाया क्लॉडियस उपस्थित रही।

■ बीएड प्रशिक्षुओं द्वारा समर्पण के अंतर्गत संजीवनी बालिका आवासीय छात्रावास में बांटी खुशियां

शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ.मोहना सुशांत पंडित ने कहा कि बी.एड. विभाग द्वारा समर्पण कार्यक्रम कई वर्षों से निरंतर योगदान देता रहा है। जिससे हमारी छात्राओ में समाज सेवा की भावना जागृत होती है तथा नैतिक मूल्यों का विकास होता है। शिक्षा विभाग द्वारा विगत 15 वर्षों से समर्पण बैनर के तहत यह कार्य किया जा रहा है। महाविद्यालय की छात्राएं दुर्ग स्थित संजीवनी बालिका आवासीय छात्रावास पहुंची और वहां के बच्चों को इंस्ट्रूमेंट बॉक्स, कलरिंग बुक, कलर पेंसिल और बिस्कुट का वितरित किया। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के सहायक प्राध्यापिकाएं डॉ.भावना चौहान, नाज़नीन बेग, आशा आर्य, काकोली सिंघा, सत्यम मिश्रा और रोमा टंडन और सत्यम मिश्रा का योगदान रहा। बी.एड. चौथे सेमेस्टर की छात्रायें काजल सुधाकर, दीक्षा कौशिक, गुंजिता साहू, हेमलता राजहंस, कामनी, खुशबू, पायल, पूनम साई, प्रेमलता, प्रियंका एक्का, प्रियंका यादव, पूर्णिमा साहू, राधिका, रोशनीला सहित बी.एड चौथे सेमेस्टर के सभी प्रशिक्षुओ ने सहभागिता दी।



## दाऊ वासुदेव चन्द्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय दुर्ग का चौथा दीक्षांत समारोह

# दीक्षांत समारोह केवल पढ़ाई पूरी करने का अवसर नहीं, जिम्मेदारियों भरी यात्रा की शुरूआत, 1536 को मिली उपाधि और 45 को स्वर्ण पदक

**भिलाई। दीक्षांत समारोह केवल पढ़ाई पूरी होने का अवसर नहीं है, बल्कि यह जीवन की एक नई जिम्मेदारियों भरी यात्रा की शुरुआत है। शिक्षा किसी एक दिन समाप्त नहीं होती और सीखने की प्रक्रिया जीवन भर चलती रहती है। दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए यह बातें छग के राज्यपाल रमेन डेका ने कहा। दाऊ श्री वासुदेव चन्द्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय दुर्ग का चतुर्थ दीक्षांत समारोह गुरुवार को विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित किया गया। इस अवसर पर छग के राज्यपाल रमेन डेका उपस्थित रहे। समारोह में 1536 छात्रों को पशुचिकित्सा और पशुपालन, दुग्ध प्रौद्योगिकी एवं मातस्यिकी संकाय में स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी उपाधि प्रदान की गई। 45 उपाधि धारकों को विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक और पशुचिकित्सा एवं पशुपालन में 8 स्नातक उपाधि धारकों को पं तीरथ प्रसाद मिश्रा मेमोरियल स्वर्ण पदक राज्यपाल द्वारा प्रदान किया गया। समारोह में मंत्री रामविचार नेताम, विधायक ललित चन्द्राकर और अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा भी मौजूद थे।**











### ग्रामीण अर्थव्यवस्था में पशु और मत्स्य पालन की अहम भूमिका

दीक्षांत समारोह को सम्बोधित करते हुए राज्यपाल रमेन डेका ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक देश है और यह क्षेत्र ग्रामीण परिवारों, विशेषकर महिलाओं और छोटे किसानों की आय का प्रमुख साधन है। राज्यपाल ने छत्तीसगढ़ की ग्रामीण अर्थव्यवस्था में पशुपालन और मत्स्य पालन की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि आज पशुधन क्षेत्र को केवल संख्या बढ़ाने के बजाय आधुनिक तकनीक और वैज्ञानिक पद्धतियों से मजबूत करने की आवश्यकता है। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय द्वारा संक्रामक रोगों की रोकथाम और नस्ल सुधार के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने डेयरी प्रौद्योगिकी के छात्रों को मिलावट की समस्या के प्रति सचेत करते हुए गुणवत्ता पर ध्यान देने कहा, ताकि भारतीय उत्पाद वैश्विक स्तर पर भरोसेमंद बन सकें। उन्होंने मत्स्य पालन के क्षेत्र में कांकेर जिले की सफलता से प्रेरणा लेने और आधुनिक तरीकों को अपनाने की बातें कही। राज्यपाल ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे केवल नौकरी ढूंढने वाले न बनें, बल्कि आत्मनिर्भर भारत के संकल्प के साथ रोजगार देने वाले बनें। पशु चिकित्सा और डेयरी जैसे विषय केवल पढ़ाई नहीं बल्कि मानवता की सेवा के माध्यम हैं। राज्यपाल ने शिक्षकों और अभिभावकों के योगदान की सराहना करते हुए युवाओं को आत्मविश्वास के साथ देश के विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित किया।





**यह रहे उपस्थित :** इस अवसर पर निदेशक अनुसंधान सेवाएं डॉ. जी.के. दत्ता, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. मंजू राय, अधिष्ठाता पशु चिकित्सा महाविद्यालय अंजोरा डॉ. संजय साक्य, अधिष्ठाता मातस्यिकी महाविद्यालय कवर्धा डॉ. एम.के. गेंदले, अधिष्ठाता दुग्ध प्रौद्योगिकी महाविद्यालय रायपुर डॉ. सुधीर उपरीत, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के कुलपति डॉ. गिरिश चंदेल, महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय के प्रो रवि आर सक्सेना सहित विश्वविद्यालय के उपाधिधारित विद्यार्थी एवं उनके अभिभावक उपस्थित थे।

## सिटी इवेंट

### देशभक्ति और सदाबहार फिल्मी गीतों ने बांधा समां, कलाकारों ने दी प्रस्तुति



**भिलाई।** रफी फाउंडेशन के तत्वाधान में पुराना बस स्टैंड दुर्ग में संगीतमय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान देशभक्ति गीतों के साथ-साथ सदाबहार फिल्मी गीतों की शानदार प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को देर रात तक बांधे रखा। रफी फाउंडेशन द्वारा 22 वर्षों से फिल्मी गीतों पर आधारित संगीत कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है, वहीं पिछले 5 वर्षों से 26 जनवरी और 15 अगस्त के अवसर पर देशभक्ति गीतों के विशेष कार्यक्रम भी निरंतर आयोजित किए जा रहे हैं। यह आयोजन देशभक्ति संगीत श्रृंखला का पांचवा वर्ष रहा। कार्यक्रम में दुर्ग महापौर अलका बाघमार, कैलाश बरमेचा, गुरमीत धनई, प्रीति बेहरा और रऊफ कुरैशी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जाहिद अली द्वारा किया गया। गायक कलाकारों में संजय लारोकर, जाहिद अली, प्रकाश सोनी, विनय पटेल, गीता सिंह, गायत्री वर्मा, सरोज दुबे, राजेश शर्मा, वात्सला साहू सहित अनेक कलाकारों ने अपनी सुमधुर आवाज़ से श्रोताओं के दिलों में देशभक्ति और संगीत की अलख जगा दी। कार्यक्रम के दौरान महापौर ने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक एवं देशभक्ति से ओतप्रोत आयोजन समय-समय पर होते रहने चाहिए। कैलाश बरमेचा ने कहा कि यह मंच नए एवं उभरते प्रतिभाशाली कलाकारों को भी अवसर प्रदान करता है, जो इसकी विशेष पहचान बन चुकी है। कार्यक्रम के अंत में संस्था के अध्यक्ष संजय लारोकर द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।

### लीनेस ने कुपोषित बच्चों को बांटी पोषण सामाग्री

**भिलाई।** लीनेस क्लब भिलाई के द्वारा आंगनबाड़ी दुर्ग में रीजन सिग्नेचर प्रोजेक्ट के तहत दो गर्भवती महिलाओं और वहां के दो कुपोषित बच्चों को आयरन , कैलशियम, तथा प्रोटीन से भरपूर खाद्य सामग्री जैसे रागी का आटा, अंडे, दूध , केला, अखरोट , मखाने , दाल, दलिया , गुड़, चना आदि सामग्री का वितरण किया गया। क्लब की अध्यक्ष कल्पना श्रीवास्तव ने बताया कि कुछ दिन पहले वैशाली नगर स्कूल में तिल व्यंजन बनाने और बसंत पंचमी पर गायन प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया था। साथ ही सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत सड़क सुरक्षा से संबंधित जागरूकता एवं यातायात नियमों की जानकारी दी गई।





## उत्कल संस्कृतिक परिषद सेक्टर 6 में लगा फूड फेस्टीवल, पारंपरिक व्यंजनों का लिया स्वाद

**भिलाई।** ग्रीन सिटी स्थित उत्कल सांस्कृतिक परिषद जगन्नाथ मंदिर, सेक्टर-6 परिसर में उत्कल सांस्कृतिक महिला मंडल ने पाक उत्सव मेला का आयोजन किया।

मेंले में विभिन्न प्रांतों से जुड़ी महिलाओं ने अपने-अपने हाथों से बनाए पारंपरिक स्ल्पाहार, व्यंजन और जलपान स्टॉल के माध्यम से प्रस्तुत किए। ओडिशा, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, उत्तर भारत सहित कई क्षेत्रों के स्वादिष्ट पकवानों ने लोगों को अपनी ओर आकर्षित किया। हर उम्र के लोगों ने व्यंजनों का स्वाद लिया। मंच पर पारंपरिक और आधुनिक नृत्य, संगीत और समूह प्रस्तुतियों ने माहौल को जीवंत बना दिया। बच्चों से लेकर बुजुगों तक सभी दर्शक तालियों के साथ कलाकारों का उत्साह बढ़ाते नजर आए। यह आयोजन गणतंत्र दिवस के अवसर पर और भी खास बन गया। सुबह ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इस मौके पर अध्यक्ष दलित मोहंती, उपाध्यक्ष रविंद्र साहू, सचिव अरुण पांडा, संजय साहू, प्रशांत सामल, राजेंद्र पांडा, तुषार महापात्र और महिला मंडल की सरोजनी पाणीग्रही, संजू साहू सहित सभी सदस्य मौजूद रहे।









## निषाद केवट समाज दुर्ग का वार्षिक सम्मेलन 2 को, होगी सामाजिक परिचर्चा

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ निषाद केवट समाज दुर्ग जिला संगठन द्वारा वार्षिक सम्मेलन ग्राम पोटिया कला में 2 फरवरी को आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 9 बजे से दीप प्रज्वलन पूजा अर्चना से शुरुआत होगी। जिसके बाद झंडा रोहण नव दंपतियों जोड़ों का आदर्श विवाह युवक-युवती परिचय सम्मेलन व सामाजिक परिचर्चा अतिथियों का स्वागत सम्मान और समाज के 10वीं और 12वीं के छात्र-छात्राओं को तथा उत्कृष्ट खेल साहित्य कला प्रतिभाओं को अतिथियों के द्वारा सम्मानित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव, गुडरण्देही विधायक और छत्तीसगढ़ निषाद केवट समाज के प्रदेश अध्यक्ष कुंवर सिंह निषाद, मुख्यमंत्री निजी सचिव तुलसी कौशिक, अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त नेहरू निषाद, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री कोमल देव निषाद, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष निषाद समाज एवं सह-संयोजक मछुआ प्रकोष्ठ भाजपा आनंद निषाद दुर्ग शहर महापौर अलका बाघमार शामिल होंगे।

### मेराज वार्षिक टेक्नो-कल्चरल-स्पोर्ट्स फेस्ट आज से

**भिलाई।** आईआईटी भिलाई में मेराज 6.0 वार्षिक टेक्नो-कल्चरल-स्पोर्ट्स फेस्ट 30 जनवरी और 1 फरवरी तक आयोजित है। मेराज के सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बैटल ऑफ बैंड्स, मेराज गॉट टैलेंट, मर्डर मिस्ट्री, मॉडल यूनाइटेड नेशन्स सहित अनेक रोचक प्रतियोगिताएं शामिल हैं, जो प्रतिभागियों को अपनी प्रतिभा व्यक्त करने, प्रदर्शन करने और नवाचार करने का अवसर प्रदान करती हैं। इसके साथ ही आर्चरी, हाउज़ी और अन्य मनोरंजक इन्फॉर्मल इवेंट्स पूरे उत्सव में उत्साह और आनंद बनाए रखते हैं।

## गांधी सदन को मिला सर्वश्रेष्ठ सदन का अवार्ड

कार्नर न्यूज

# देशभक्ति गीतों और समूह नृत्यों की प्रस्तुतियों ने मोहा मन, संगीतमय वन्दे मातरम रहा आकर्षण का केंद्र

**भिलाई।** मैत्री विद्या निकेतन सीनियर सेकंडरी स्कूल रिसाली में संविधान दिवस के अवसर पर स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। वार्षिक सदन मूल्यांकन में गांधी सदन को सर्वश्रेष्ठ सदन का अवार्ड दिया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संस्था की अध्यक्ष राजम सुधाकरण और उपस्थित अतिथियों द्वारा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराकर की गई। राष्ट्रगान के बाद विद्यालय की हेड गर्ल अंकिता कुर्रे ने विद्यार्थियों को राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों के लिए शपथ दिलाई। प्राचार्या डॉ. सजीता थंबी ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमारे संविधान की महान परिकल्पना और उसके श्रेष्ठ मूल्यों का प्रतीक है।







### बच्चों ने शानदार प्रस्तुति

संविधान मात्र दस्तावेज नहीं, बल्कि नागरिकों के अधिकारों एवं कर्तव्यों का उत्कृष्ट संकलन है, जिसके निर्वहन में हर नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी निहित है। कक्षा 11 की मोक्षदा साहू ने हिंदी में और कक्षा 9 की जोया ने अंग्रेजी में गणतंत्र दिवस विषयक विचार प्रस्तुत किए। इसके अतिरिक्त कक्षा 1 की पूर्वी निर्मलकर ने कविता पाठ कर दर्शकों की तालियां बटोरीं। प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च माध्यमिक छात्रों द्वारा देशभक्ति गीतों और समूह नृत्यों की प्रभावशाली प्रस्तुतियां हुईं। वन्दे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के अवसर पर प्रस्तुत विशेष संगीतमय कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पदक और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। वार्षिक सदन मूल्यांकन में गांधी सदन को सर्वश्रेष्ठ सदन का अवार्ड दिया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष राजम सुधाकरण, प्रबंधक एस. सजीव, विद्यालय की प्रबंधक और प्राचार्या डॉ. सजीता थंबी, उप-प्राचार्या डॉ. बीना सजीव, भिलाई मैत्री कॉलेज की प्राचार्या डॉ. सुरेखा पाटिल सहित अन्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन आकांक्षा कुमारी और मुस्कान सिंह ने किया।

## सिटी इवेंट

# एक शाम शहीदों के नाम देशभक्ति और राष्ट्र गीतों की दी गई प्रस्तुति



**भिलाई।** तथागत म्यूजिकल ग्रुप, तथागत समाज कल्याण समिति और भारतीय बौद्ध महासभा के संयुक्त तत्वावधान में गणतंत्र दिवस की संध्या पर डॉ. अंबेडकर सांस्कृतिक भवन सेक्टर 6 भिलाई में शहीदों के नाम एक शाम का कार्यक्रम आयोजित किया गया। तथागत म्यूजिकल ग्रुप के सदस्यों ने देशभक्ति गीत एवं राष्ट्र गीतों पर आधारित गानों की प्रस्तुति दी 1 विशिष्ट अतिथि डॉ. गोविंद चंद्र चौहान डायरेक्टर सृष्टि नर्सिंग कॉलेज, रायपुर ने अपने उद्बोधन में बाबा साहेब के बनाए संविधान का जीवन में महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने दस-दस गरीब बच्चों को नर्सिंग कॉलेज और फार्मेसी कॉलेज में मुक्त में शिक्षा देने की घोषणा भी की। विशिष्ट अतिथि डॉ. उदय धाबर्दे ने कहा कि 26 जनवरी को शाम को कोई कार्यक्रम नहीं होते हैं। तथागत म्यूजिकल ग्रुप द्वारा शुरुआत कर शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि दी है। कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि कमलेश बंसोड उपसचिव परिवहन विभाग, कोमल प्रसाद अध्यक्ष बीएसपी एससी-एसटी एम्पलाइज एसोसिएशन भिलाई ने भी संबोधित किया।

### कुर्मी भवन में लहराया तिरंगा



**दुर्ग।** मनवा कुर्मी भवन शंकर नगर दुर्ग में 26 जनवरी को ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान वरिष्ठ समाजसेवी अन्नपूर्णा मढ़रिया, पूर्व कुर्मी भवन अध्यक्ष कृष्ण कुमार वर्मा, नगर इकाई अध्यक्ष रोशन वर्मा, छात्रावास अध्यक्ष धरम वर्मा, पूर्व अपर कलेक्टर डीएल वर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## सिटी लाइव

# भारत सेवा रत्न सम्मान से सम्मानित हुए डॉ. श्रेणिक नाहटा



**दुर्ग।** देशभर में सामाजिक सेवा, राष्ट्र हित और मानव कल्याण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले विशिष्ट व्यक्तियों को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर जयपुर में गणतंत्र दिवस पर समारोहपूर्वक सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन वाई-एस-एस इंडिया द्वारा किया जाता है। यह संस्था अखिल भारतीय स्तर पर निःस्वार्थ सेवाभावीयो को विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित करती है। गणतंत्र दिवस पर जस्टिस एन-के-जैन, आई पी एस अनिल जैन, ग्रुप कैप्टन आर-बी. त्रिपाठी, कैप्टन सुखराम यादव, आईपीएस हरेन्द्र सिंह, ले. कर्नल शीतलकृष्ण गायकवाड, आर्मी आफिसर मुकेशकुमार, सी. के. सक्सेना, बलवीर सिंह, डॉ. अखिल बंसल, संस्थान अध्यक्ष कमल चौधरी के आतिथ्य में दुर्ग के दंत चिकित्सक डॉ. श्रेणिक नाहटा को अखिल भारतीय स्तर पर विभिन्न निःस्वार्थ सेवा के लिए भारतरत्न सेवा सम्मान से अलंकृत किया गया। डॉ. श्रेणिक समाज के निर्धन जरुरत मंद लोगों की निःशुल्क उपचार करने के साथ साथ भारत के अनेको धर्मगुरुओं की सेवा में निरंतर समर्पित रहते हैं। इनको अनेकों संस्थाओ द्वारा पुरस्कृत किया गया है, जालंधर पद्धति से बिना निश्चेतना किए अल्प समय में दांत निकालने और उपचार करने में महारत हासिल है, मात्र 30सेकंड में दांत निकालने का वर्ल्ड रिकॉर्ड है। सम्मान प्राप्त होने पर दुर्ग के विभिन्न संस्थाओं , प्रतिष्ठित नागरिकों द्वारा बधाई देते हुए प्रसन्नता व्यक्त किया गया।

### स्टूडेंट्स आने वाली हर चुनौती के लिए रहें तैयार, मिलेगी सफलता



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ कृषि महाविद्यालय धनौरा में 77बा गणतंत्र दिवस बड़े धूमधाम और उल्लास के साथ कॉलेज परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना के बैनर तले मनाया गया। मुख्य अतिथि नलिन लूनिया डायरेक्टर छत्तीसगढ़ ग्रुप ऑफ कॉलेजेज थे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रिंस वर्गिस प्रिंसिपल छत्तीसगढ़ नर्सिंग कॉलेज और सम्मानित अतिथि के रूप में पवन गजपाल वाइस प्रिंसिपल छत्तीसगढ़ नर्सिंग कॉलेज सम्मिलित हुए। लूनिया ने छात्र छात्राओं को आने वाले चुनौती से सामना करने के लिए तैयार रहने को कहा। देश के विकास में अपना सहयोग देने के लिए आहवान किया। कार्यक्रम में नरेश डड़सेना, दिशा वर्मा, विवेक पाण्डेय, लतिका क्रिश्चियन, एमएस लोधी, एसके सिंह, दीप बैनर्जी, माधुरी सेन सहित अन्य मौजूद थे।

# महाशिवरात्रि पर्व पर द्वादश ज्योतिर्लिंग और चैतन्य झांकी का आयोजन 9 से 16 तक

**दुर्ग।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के बघेरा स्थित आनंद सरोवर दुर्ग में महाशिवरात्रि के अवसर पर 8 से 16 फरवरी तक नौ दिवसीय शिव दर्शन आध्यात्मिक मेला का आयोजन किया जा रहा है । इस झांकी के विषय में जानकारी देते हुए ब्रह्माकुमारीज दुर्ग की संचालिका ब्रह्माकुमारी रीटा ने बताया कि हर वर्ष महाशिवरात्रि के पर्व पर संस्था द्वारा भिन्न-भिन्न झांकियों का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में इस वर्ष भी 40 फीट ऊंचा शिवलिंग, शिवलिंग पर अनवरत अनोखा दुग्धाभिषेक, शिव-शंकर की चैतन्य झांकी, आत्मा-परमात्मा का भेद, सृष्टि के उत्थान और पतन का दर्शन, सूर्य-चंद्र तारागण से पार की अनोखी दुनिया का रहस्य को आध्यात्मिक चित्र प्रदर्शनी के द्वारा दिखायी जायेगी। मेले का समय प्रतिदिन सुबह 6 से दोपहर 1 बजे तक और शाम 5 से रात 10 बजे तक रहेगा। शिवरात्रि परमात्मा शिव के अवतरण का यादगार दिन माना गया। मनुष्य आत्माओं को परमात्मा द्वारा दिये गये ज्ञान को देने इस वर्ष भी महाशिवरात्रि पर्व अत्यंत उमंग-उल्लास से मनाया जाएगा। इस वर्ष विशेष नृत्य नाटिका नशा नाश का द्वार और राजयोग सफलता का द्वार है का आयोजन इस मेले में विशेष आकर्षण का केंद्र होगा।

## सांझा चूल्हा के आयोजन में विद्यार्थी और प्रोफेसर ने पंगत में बैठकर लिया भोजन का आनंद

# पंजाबी, छग, असमिया, बिहारी और शास्त्रीय गीतों व नृत्यों ने बांधा समां, पांरपरिक व्यजंनों का लिया लुत्फ

**भिलाई।** पंजाबी, छत्तीसगढ़ी, असमिया, बंगाली, बिहारी और दक्षिण भारतीय गीतों के साथ-साथ शास्त्रीय नृत्यों की प्रस्तुतियों ने सभी में ऊर्जा का संचार किया, तो वही पांरपरिक ललीज व्यजंनों का स्वाद सभी को खूब भाया। भेदभाव को दूर करते हुए विद्यार्थियों और शिक्षकों ने पंगत में बैठकर भोजन किया। अवसर था सांझा चूल्हा के आयोजन का। जहां अनेकता में एकता संदेश दिया गया। विद्यार्थी और प्रोफेसर विभिन्न प्रदेशों की पारंपरिक वेशभूषा में पहुंचे थे। स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती महाविद्यालय में शिक्षा विभाग जाति भेद निवारण समिति और मानसिक स्वास्थ्य उन्नयन एवं परामर्श समिति द्वारा सांझा चूल्हा और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन का आयोजन किया गया।जातिगत भेदभाव निवारण समिति, मानसिक स्वास्थ्य उन्नयन समिति एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में सांझा चूल्हा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन समाज में समरसता सद्भाव और अनेकता में एकता की भावना को प्रोत्साहित करने के लिए किया गया था।





### विद्यार्थियों में सकारात्मक विचार

महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. हंसा शुक्ला ने कहा कि जातिगत भेदभाव के उन्मूलन और विद्यार्थियों में सकारात्मक सोच विकसित करने की दिशा में यह एक सराहनीय प्रयास है। कार्यक्रम की संयोजिका तथा महाविद्यालय की उपप्राचार्या डॉ. अजरा हुसैन ने कहा की सांझा चूल्हा की अवधारणा ने सामूहिकता साझेदारी परस्पर सहयोग और समाज में प्रेम व सद्भावना फैलाने के विचार को अत्यंत प्रभावशाली रूप में प्रस्तुत किया। इस आयोजन से सभी विद्यार्थियों और प्रोफेसर ने संदेश दिया कि सांस्कृतिक विविधता केवल हमारी पहचान ही नहीं बल्कि हमारी सबसे बड़ी शक्ति भी है। कार्यक्रम में जाति भेद निवारण समिति, मानसिक स्वास्थ्य उन्नयन समिति और शिक्षा विभाग के सभी प्राध्यापकों ने उत्साह के साथ सहयोग दिया।

### दिखा विविध संस्कृतियों के संगम





कार्यक्रम के दौरान सभी विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक गीतों पर मनमोहक प्रस्तुतियां दी। जिनमें पंजाबी, छत्तीसगढ़ी, असमिया, बंगाली, बिहारी, दक्षिण भारतीय गीतों के साथ-साथ शास्त्रीय नृत्य की भी आकर्षक प्रस्तुतियां दी गई। इन प्रस्तुतियों ने न केवल विद्यार्थियों की प्रतिभा को उजागर किया बल्कि विविध संस्कृतियों के संगम को भी प्रदर्शित किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ शिक्षक एवं विद्यार्थियों ने मिलकर पकोड़े और चाय बनाए जिसका आनंद बिना किसी भेदभाव के पंगत में बैठकर विद्यार्थियों और शिक्षकों ने लिया। जिससे उनके मन में अपनत्व और समरसता की भावना दिखाई दी।

### कलात्मक प्रतिभा का विकास



कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रम रहे। जिनमें विविध भारतीय भाषाओं और परंपराओं की मनमोहक झलक देखने को मिली। श्री शंकराचार्य शैक्षणिक परिसर के निदेशक डॉ. दीपक शर्मा और डॉ मोनिशा शर्मा ने विद्यार्थियों से कहा कि विद्यार्थियों द्वारा दी गई प्रस्तुतियों में भारत की संस्कृति की झलक है, ताल और लय के रिंदम से उनकी कलात्मक प्रतिभा का विकास होता है, ऐसे कार्यक्रम महाविद्यालय में समय-समय पर कराए जाने चाहिए।

## विद्यालय के अतिरिक्त कक्ष का भूमिपूजन

# वर्षभर की विभिन्न क्रियाकलापों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी हुए सम्मानित



**भिलाई।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिरसाकला में वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष व विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा थे। अध्यक्षता निर्मल कोसरे महापौर नगर निगम भिलाई चरोदा ने की। विशिष्ट अतिथि कृष्णा चंद्राकर सभापति नगर निगम भिलाई चरोदा, विशेष अतिथि केवल चंद्राकर अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति, पूर्व अध्यक्ष गणेश यादव आदि मौजूद थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यर्पण और पूजा अर्चना के साथ हुई। प्राचार्य सीपी देवांगन ने विद्यालय के वार्षिक प्रतिवेदन का वाचन करते हुए अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर विद्यालय के लिए तीन अतिरिक्त कक्ष के निर्माण के लिए भूमिपूजन का कार्य भी अतिथियों द्वारा किया गया। वरिष्ठ व्यख्याता ओपी शुक्ला के मार्गदर्शन और सांस्कृतिक प्रभारी तनुजा वर्मा व नंदकुमार भारती के संयोजन में छात्र- छात्राओं द्वारा रंगारंग प्रस्तुति दी गई। करमा, ददरिया, बारहमासी, देवी गीत, राजस्थानी, पंथी, देशभक्ति गीत, पारंपरिक प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। बोर्ड परीक्षा में 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्राओं को गोपेन्द्र चंद्राकर और तुंगजध्वज चन्द्रवंशी ने पांच-पांच हजार रुपए की राशि प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन दिनेश्वर साहू व कान्हा सिंह ने किया। इस दौरान तुंगजध्वज चंद्रवंशी, गोपेन्द्र चंद्राकर, पार्षद सुषमा कमलेश चंद्राकर, दीपा चंद्राकर सहित व्यख्याता पीएन बघेल, यशोदा बंजारे, विमल गुप्ता आदि मौजूद थे।

## बूट कैंप का आयोजन

# एआई पर कार्यशाला, नैतिकता और सुरक्षा पर किया मंथन



**भिलाई।** छत्रप्रति शिवाजी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी कोलिहापुरी में तीन दिवसीय बूट कैंप के द्वितीय दिवस में छत्तीसगढ़ के पीएम श्री स्कूल के शिक्षकों एवं छात्रों में नवाचार के लिए शिक्षा मंत्रालय के स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग एआईसीटीई और शिक्षा मंत्रालय की इनोवेशन सेल गवर्नमेंट ऑफ इंडिया नई दिल्ली के माध्यम से तीन दिवसीय इनोवेशन, डिजाईन और एंटरप्रेन्योरशिप बूट कैंप और क्षेत्रीय परामर्श सत्र 2026 के कार्यशाला का गुरुवार को दूसरा दिन है। कार्यशाला का मुख्य विषय स्कूल इनोवेशन में एआई रहा। यह कार्यशाला दो भागों में सम्पन्न हुई, जिसके मुख्य प्रशिक्षक अभिषेक भट्टाचार्जी और अभिनव क्लाउडीयस रहे। एआई के परिणाम नैतिकता और सुरक्षा का अवलोकन, समस्या परिक्षण, उत्पाद, विकास और ग्राहक सत्यापन के लिए स्कूलों हेतु AI उपकरण, विचार से प्रोटोटाइप तक पहले क्या बनाना है? इत्यादि विषयों पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने अपने और अपने फाउन्डेशन का परिचय दिया तथा शिक्षकों व छात्रों से उनके इनोवेशन से संबंधित नवाचार विधार को साझा किया गया तथा कीपोरेट जॉब एवं स्टॉटअप के बीच अंतर बताकर छात्रों का मार्गदर्शन किया गया। विचार सस्ते होते हैं लेकिन उन्हे लागू करना मुश्किल होता है, स्टॉटअप, प्रोजेक्ट फाईल जमा करने जैसा नहीं होता इन पक्तियों से शिक्षको व छात्री के वैचारिक संदेह का निवारण किया गया तथा कुछ प्रयोग जो रोजमर्रा में करके देखा जा सकता है।

> कीपोरेट जॉब एवं स्टॉटअप के बीच अंतर बताकर छात्रों का मार्गदर्शन किया

## ट्रैफिक के जरूरी नियमों को मनोरंजक अंदाज में प्रस्तुत कर लोगों को किया जागरूक

कार्नर न्यूज

# कठपुतली शो से यातायात नियमों का दिया संदेश लोगों ने कहा- जीवन की सुरक्षा के लिए जरूरी

**कुम्हारी।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 के तहत दुर्ग पुलिस द्वारा लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में कुम्हारी पुलिस ने आम नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए कठपुतली कला के माध्यम से एक अभिनव पहल की। कार्यक्रम में हेलमेट, सीट बेल्ट, गति सीमा और सुरक्षित वाहन संचालन जैसे जरूरी नियमों को मनोरंजक अंदाज में प्रस्तुत कर लोगों को जागरूक किया गया।







### कठपुतली नृत्य के जरिए दिया संदेश

कार्यक्रम के दौरान कठपुतली नृत्य के जरिए संदेश दिया गया कि दो पहिया वाहन चालक हेलमेट जरूर पहनें और चार पहिया वाहन चालक सीट बेल्ट का अनिवार्य उपयोग करें। इस अनोखे आयोजन में जहां बड़े उत्साहित नजर आए, वहीं बच्चों ने भी कठपुतली प्रस्तुति का खूब आनंद लिया। कठपुतली नृत्य की संचालिका किरण मोइत्रा ने बताया कि इस तरह के आयोजनों में उन्हें हर जगह सराहना मिलती है। उन्होंने कहा कि सरकार को इस विधा की ओर विशेष ध्यान देने की जरूरत है, ताकि मनोरंजन के साथ-साथ लोगों में जागरूकता भी बढ़े। कार्यक्रम में कुम्हारी थाना प्रभारी पुरषोत्तम कुर्रे ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि सड़क पर सुरक्षा सबसे जरूरी है। उन्होंने कहा कि हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग न सिर्फ नियम है, बल्कि यह आपके और आपके परिवार की सुरक्षा से जुड़ा विषय है। यह जागरूकता कार्यक्रम कुम्हारी के बड़े तरिया में आयोजित किया गया, जहां बड़ी संख्या में नागरिकों ने कार्यक्रम देखा और सराहा। मौके पर उपस्थित लोगों को यातायात से जुड़ी अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी गईं और अंत में सभी को यातायात नियमों के पालन की शपथ दिलाई गई।

## हेल्थ टिप्स

### दृष्टिहीन शतरंज खिलाड़ी भूपेंद्र की संघर्षगाथा का हुआ विमोचन



**भिलाई।** दृष्टिहीन शतरंज खिलाड़ी एवं एम.ए. अंतिम वर्ष (हिंदी) के छात्र भूपेंद्र पटेल की प्रेरणादायी जीवन यात्रा पर आधारित पुस्तक "जीवन दर्पण" का विमोचन भिलाई में आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य रेपिड एवं ब्लिट्ज फीडे रेटेड चेस चैंपियनशिप के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के अवसर पर सम्पन्न हुआ। पुस्तक का विमोचन मुख्य अतिथि राकेश पाण्डेय (अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, छत्तीसगढ़ शासन) के करकमलों से किया गया।


कार्यक्रम की अध्यक्षता बंशी अग्रवाल (अध्यक्ष, अग्रवाल जन कल्याण समिति) ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी कैलाश जैन बरमेचा, अंतरराष्ट्रीय शतरंज खिलाड़ी वूमेन फीडे मास्टर सुश्री किरण अग्रवाल तथा राज्य शतरंज संघ के कार्यकारी सदस्य रमेश अग्रवाल की गरिमामय उपस्थिति रही। पुस्तक के संदर्भ में जानकारी देते हुए संपादक बीजू पटनायक ने कहा कि "जीवन दर्पण केवल एक खिलाड़ी की जीवनी नहीं, बल्कि संघर्ष, आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प की प्रेरक गाथा है।

### अंडर-19 में बिलासपुर विजेता



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ (सीएससीएस) द्वारा आयोजित अंडर-19 एलिट ग्रुप अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मैच में बिलासपुर की टीम ने रायपुर को 155 रनों से पराजित कर विजेता का खिताब हासिल किया। बल्लेबाजी में रायपुर ब्लू टीम दूसरी पारी में अपने 28 जनवरी के स्कोर एक विकेट पर 69 रन से आगे खेलते हुए 145 रन पर आउट हो गई। जिसमें तेजस्व कलभोर ने 58 रन, अथर्व तिवारी ने 22 रन, मोहम्मद फैज खान ने 15 रन और मोहम्मद शाहिद कुरैशी ने 13 रन बनाएं। गेंदबाजी में बिलासपुर के सक्षम चौबे ने 6 विकेट, श्रीशांत खरे ने दो विकेट, धनंजय नायक एवं अयान उपाध्याय ने एक-एक विकेट लिए।

### जय हिंद रायपुर की शानदार जीत, शुभ प्लेयर ऑफ द मैच




**भिलाई।** क्रिकेट फाउंडेशन अकादमी करंजा भिलाई द्वारा आयोजित अंडर-13 एकदिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत गुरुवार को शानदार खेल देखने मिला। टीम जय हिंद क्रिकेट अकादमी रायपुर ने स्टील सिटी क्रिकेट अकादमी खुर्सीपार के विरुद्ध 125 रन से जीत हासिल की। प्लेयर ऑफ द मैच शुभ को एस बालराजू एवं नुगेश्वर डहरिया ने पुरस्कृत किया। बल्लेबाजी में जय हिंद क्रिकेट अकादमी ने 7 विकेट पर 255 रन बनाए। जिसमें लोकेश साहू ने 84 रन, श्रेयांश ने 26 रन, रोहित यादव ने नॉट आउट 24 रन एवं पूर्व ने 22 रन बनाए। गेंदबाजी में स्टील सिटी क्रिकेट अकादमी के वी शरण एवं रुद्र प्रताप ने दो-दो विकेट लिए। बल्लेबाजी में स्टील सिटी क्रिकेट अकादमी 130 रन पर आउट हो गई। कप्तान कार्तिक ने 87 रन बनाए। गेंदबाजी में जय हिंद क्रिकेट अकादमी के विराट चौधरी एवं एस गुप्ता ने तीन-तीन विकेट लिए। मैच के अंपायर एस बाल राजू एवं नुगेश्वर डहरिया, स्कोरर विनोद देवघरे एवं पल्लवी थे।

### महिला क्रिकेट के लिए विभिन्न वर्ग में हुआ चयन



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के निर्देशानुसार भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा महिलाओं के अंडर 15 अंडर-19 अंडर 23 एवं सीनियर वर्ग हेतु एक चयन स्पर्धा का आयोजन 25 जनवरी को कल्याण कॉलेज ग्राउंड में किया गया। इस चयन स्पर्धा में कुल 50 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें अंडर-15 में 17 खिलाड़ियों ने, अंडर-19 में 20 खिलाड़ियों ने, अंडर-23 में 7 खिलाड़ियों और सीनियर वर्ग में 6 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस चयन स्पर्धा के चयन कर्ता बिभाष सिन्हा एवं विक्रम दुबे थे। यह जानकारी बीसीए के सचिव भास्कर गोस्वामी ने दी है।

## जिम जाने के लिए जरूरी है सही उम्र का पता होना

# जिम जाना सिर्फ शौक नहीं बल्कि आपकी जरूरत में होना चाहिए शामिल, सही उम्र भी जान लीजिए

सोशल मीडिया के इस दौर में हर किसी को एक्सपोजर मिल रहा है, ऐसे में लोगों पर अच्छा दिखने का दबाव काफी बढ़ चुका है। इसके लिए लोग खुद को फिट रखने की हर संभव कोशिश भी कर रहे हैं। खासकर युवाओं और किशोरों में फिटनेस को लेकर क्रेज सिर चढ़कर बोल रहा है। फिटनेस के चक्कर में किशोरों और बच्चों में भी जिम ज्वॉइन करने की होड़ सी मच रखी है।ऐसे में यह जानने और समझने की जरूरत है कि आखिर किस उम्र से वर्कआउट या जिम में एक्सरसाइज करना शुरू करना चाहिए। दरअसल, आजकल स्लिम फिगर की चाहत में जहां लड़कियां हर तरह के वर्कआउट को आजमा रही हैं तो वहीं लड़के सिक्स पैक और एब्स बनाने के लिए जिम में घंटों पसीना बहाते हैं। जबकि छोटी उम्र में इतनी अधिक फिजिकल एक्सरसाइज या वर्कआउट सेहत के लिए नुकसानदेह हो सकती है। इसलिए इस सवाल का जवाब जानना जरूरी है कि आखिर जिम जाने की सही उम्र क्या है? लखनऊ के जानेमाने फिजिशयन डॉ. ब्रिजेंद्र सिंह ने इस बारे में विस्तार से बताया।



### बच्चों के लिए खेलकूद है बेहतर एक्सरसाइज

हमारे एक्सपर्ट डॉ. ब्रिजेंद्र सिंह बताते हैं कि 14 साल तक की उम्र तक बच्चों के लिए खेलकूद से बेहतर कोई एक्सरसाइज नहीं होती है। क्योंकि इससे न सिर्फ बच्चों के शारीरिक विकास में मदद मिलती है बल्कि ये उनके मानसिक सेहत के लिए भी लाभकारी होता है। दरअसल, इस उम्र के बच्चों में काफी ऊर्जा होती है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि उसे जिम में पसीने बहाने में इस्तेमाल करें। बल्कि इस उम्र तक के बच्चों के लिए बैड मिंटन, टेनिस, रस्सी कूद, रनिंग और जंपिंग जैसे फिजिकल गेम्स काफी लाभकारी होते हैं। इससे हड्डियों के विकास, शरीर की लंबाई बढ़ने के साथ मोटापे से काफी हद तक निजात मिलती है।

### किशोर इन एक्टिविटी के जरिए खुद को रखें फिट



वहीं 14 से 17 साल तक की उम्र में शरीर के सभी विकसित और मजबूत हो जाते हैं, लेकिन यह उम्र भी जिम ज्वाइन करने के लिए सही नहीं है। बल्कि इस उम्र में घर में ही योग और एक्सरसाइज का अभ्यास करना चाहिए। इसके अलावा इस उम्र के किशोरो के लिए स्विमिंग और साइकिलिंग बेहतर फिजिकल एक्टिविटी है जो उन्हें सेहतमंद रखने में मददगार होती है।


### इस उम्र में ज्वाइन कर सकते हैं जिम



17 से 18 साल की उम्र में शरीर का लचीलापन दूर हो जाता है, इसलिए इस उम्र में जिम ज्वाइन कर सकते हैं। लेकिन ध्यान रहे कि आप किसी अच्छे जिम संस्थान को ही ज्वाइन करें जहां पर प्रशिक्षित लोग ही फिजिकल एक्टिविटी की ट्रेनिंग देते हो।

### जिम ज्वाइन करते वक्त इन बातों का रखें ध्यान

इसके साथ ही जिम ज्वाइन करते वक्त, आपको शुरुआती दिनों में कुछ बातों का ध्यान रखना होगा, जैसे कि शुरुआत में लंबे एक्सरसाइज का अभ्यास न करें। बल्कि धीरे-धीरे एक्सरसाइज का टाइम बढ़ाएं। इसके अलावा जल्द मसल्स बनाने के लिए किसी सप्लीमेंट का इस्तेमाल न करें। हां आप अपने खान-पान का पूरा ध्यान रखें और भोजन में जितना हो सके पौष्टिक चीजों को शामिल करें। क्योंकि अच्छी सेहत के लिए अच्छे आहार का सेवन सबसे जरूरी है। इन सभी सावधानियों को ध्यान में रखकर आप जिम ज्वाइन कर सकते हैं और सेहत लाभ पा सकते हैं।



# खाने के तुरंत बाद हो जाते हैं परेशान तो अपनाइए बेहद जरूरी उपाय

भोजन के तुरंत बाद संडास जाना एक ऐसी समस्या है जिससे अधिकतर लोग जीवन में कभी न कभी जरूर दो चार होते हैं। बड़ी बात यह है कि अगर समय रहते इसे ठीक करने के बारे में ध्यान न दिया गया है तो स्थिति गंभीर भी हो सकती है। इसलिए आइए इस लेख में इसी समस्या के बचाव के बारे में कुछ सरल उपायों के बारे में जानते हैं।

भोजन करने के तुरंत बाद शौच की तीव्र इच्छा होना एक ऐसी समस्या है जिसे चिकित्सा विज्ञान में 'गैस्ट्रोकोलिक रिफ्लेक्स' का अति-सक्रिय होना कहा जाता है। अक्सर लोग इसे सामान्य मानकर टाल देते हैं, लेकिन अगर यह आपकी रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बन गया है, तो यह आंतों की संवेदनशीलता या 'इरिटेबल बॉवेल सिंड्रोम' का शुरुआती संकेत हो सकता है।

दरअसल, जब हम भोजन करते हैं तो हमारा शरीर एक हार्मोन रिलीज करता है जो आंतों को मल त्याग के लिए प्रेरित करता है, लेकिन कुछ लोगों में यह प्रक्रिया इतनी तीव्र होती है कि खाना पेट में पहुंचते ही टॉयलेट जाने की मजबूरी बन जाती है। यह स्थिति न केवल पोषण के अवशोषण को बाधित करती है, बल्कि सामाजिक रूप से भी शर्मिंदगी और मानसिक तनाव का कारण बनती है।

इसके पीछे गलत खान-पान, आंतों में गुड बैक्टीरिया की कमी या अत्यधिक तनाव जैसे कई छिपे हुए कारण हो सकते हैं जिन्हें समय रहते पहचानना और उपचार करना आपके बेहतर पाचन स्वास्थ्य के लिए जरूरी है।

### मुख्य कारण क्या हैं?

इस समस्या के पीछे मुख्य रूप से गैस्ट्रोकोलिक रिफ्लेक्स की अति-सक्रियता होती है। इसके अलावा, कुछ लोगों को विशिष्ट खाद्य पदार्थों जैसे दूध या ग्लूटेन से एलर्जी होती है, जो आंतों में अचानक हलचल पैदा कर देते हैं। अत्यधिक मसालेदार या तैलीय भोजन भी आंतों की परत में जलन पैदा करता है, जिससे शरीर उसे तुरंत बाहर निकालने की कोशिश करता है। पुरानी कब्ज या आंतों में सूजन भी इसका एक बड़ा कारण हो सकते हैं।

### सीधा संबंध मानसिक स्वास्थ्य से

जी हां, हमारे मस्तिष्क और आंतों के बीच एक गहरा संबंध है जिसे 'गट-ब्रेन एक्सिस' कहा जाता है। अत्यधिक तनाव, चिंता या घबराहट आंतों की मांसपेशियों को अचानक सिकोड़ देती है। जब आप तनावपूर्ण स्थिति में भोजन करते हैं, तो आपका नर्वस सिस्टम पाचन तंत्र को बहुत तेजी से काम करने का निर्देश देता है, जिससे भोजन पचने से पहले ही टॉयलेट जाने की नौबत आ जाती है।

### कौन से घरेलू उपाय अपनाएं?

अपनी आदतों में छोटे बदलाव करके आप इस समस्या पर काबू पा सकते हैं-प्रोबायोटिक्स लें: दही या छाछ का सेवन करें, जो आंतों के बैक्टीरिया को संतुलित करते हैं। धीरे चबाकर खाएं: भोजन को कम से कम 32 बार चबाएं ताकि वह लार के साथ मिलकर आसानी से पचे।फाइबर का सही संतुलनः घुलनशील फाइबर (जैसे ओट्स) का सेवन करें जो मल को बांधने में मदद करता है।तनाव प्रबंधनः भोजन के समय शांत रहें और गहरी सांस लेने का अभ्यास करें।

### सही जीवनशैली बहुत जरूरी



खाने के बाद तुरंत टॉयलेट जाना कोई लाइलाज बीमारी नहीं है, बल्कि यह आपके शरीर का एक संकेत है कि आपकी आंतों को अतिरिक्त देखभाल की जरूरत है। यह खबर इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि सही समय पर आहार में सुधार और तनाव को नियंत्रित करके आप एक सामान्य जीवन जी सकते हैं। अगर इन उपायों के बाद भी समस्या बनी रहती है या मल के साथ रक्त आता है, तो किसी गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट से तुरंत संपर्क करें।

# घर पर वास्तु दोष के से बढ़ सकती हैं आर्थिक और मानसिक परेशानियां



घर केवल ईंट-पत्थर का ढांचा नहीं होता, बल्कि वहां रहने वाले लोगों की ऊर्जा, भावनाओं और जीवन की दिशा को भी प्रभावित करता है। वास्तु शास्त्र के अनुसार घर में मौजूद छोटी-छोटी गलत आदतें और अव्यवस्थाएं धीरे-धीरे वास्तु दोष का कारण बन जाती हैं। कई बार लोग बड़े वास्तु दोष की तलाश में रहते हैं, जबकि रोजमर्रा की कुछ सामान्य आदतें ही जीवन में तनाव, आर्थिक परेशानी और मानसिक अशांति का कारण बन जाती हैं।

### घर में लगातार अव्यवस्था रहना

वास्तु शास्त्र में साफ-सफाई को अत्यंत महत्वपूर्ण माना गया है। यदि घर के कोनों में कबाड़, टूटे-फूटे सामान या अनुपयोगी वस्तुएं जमा रहती हैं तो इससे नकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह बढ़ता है। खासतौर पर उत्तर-पूर्व दिशा में गंदगी या भारी सामान होना मानसिक तनाव और निर्णय क्षमता को प्रभावित करता है।

### टूटे हुए इलेक्ट्रॉनिक और बंद घड़ियां

घर में पड़ी बंद घड़ी या खराब इलेक्ट्रॉनिक सामान समय और ऊर्जा दोनों को रोकने का संकेत माने जाते हैं। वास्तु मान्यता के अनुसार ऐसी वस्तुएं प्रगति में बाधा उत्पन्न करती हैं। यदि घड़ी लंबे समय से बंद है तो यह जीवन में ठहराव और निराशा का संकेत बन सकती है।

### रसोई और शयन कक्ष की गलत आदतें

रसोई में जूठे बर्तन रातभर पड़े रहना या गैस चूल्हे का गंदा रहना आर्थिक असंतुलन का कारण माना जाता है। वहीं शयन कक्ष में अव्यवस्थित बिस्तर, जरूरत से ज्यादा सामान या इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की अधिकता दांपत्य जीवन और नींद पर नकारात्मक प्रभाव डालती है।

### घर में पर्याप्त रोशनी और हवा का अभाव

यदि घर में प्राकृतिक रोशनी और हवा का सही प्रवाह नहीं होता, तो यह वास्तु दोष का संकेत हो सकता है। अंधेरे और सीलन भरे स्थान घर के वातावरण को भारी बना देते हैं, जिससे मन उदास रहता है और ऊर्जा स्तर कम होने लगता है।

पूजा घर में कौन-कौन सी गलतियां करने से अधूरी रह जाती है पूजा, जानिए 6 कारण

### पानी से जुड़ी लापरवाही

घर में टपकते नल, पानी का रिसाव या बाथरूम में लगातार नमी रहना वास्तु के अनुसार धन हानि का संकेत माना जाता है। पानी का असंतुलन भावनात्मक अस्थिरता और आर्थिक परेशानी दोनों को बढ़ा सकता है।



# घर पर ऐसे बनाएं रेवड़ी

अगर आप रेवड़ी बनाना चाहते हैं तो उसकी आसान विधि जरूर जानिए।ज्यादातर लोग बाजार में मिलने वाली रेवड़ी को ज्यादा पसंद नहीं करते। ऐसे में अगर आप भी घर पर मनाना चाहते हैं और बाजार से तैयार मिठाई लेने की जगह घर पर रेवड़ी बनाना चाहते हैं, तो ये आपके लिए बहुत ही आसान और स्वादिष्ट तरीका है। घर पर बनी रेवड़ी स्वाद में ताजगी और स्वास्थ्य के लिहाज से भी अच्छी होती है। इस लोहड़ी, आप अपने परिवार और दोस्तों को घर की बनी रेवड़ी के साथ खुश कर सकते हैं और त्योहार की मिठास को बढ़ा सकते हैं।

घर पर रेवड़ी बनाने के लिए सबसे पहले एक कढ़ाई में तिल डालें और धीमी आंच पर हल्का भूनें। तिल से खुशबू आने लगे और उसका रंग हल्का सुनहरा हो जाए, तभी इसे उतार लें। भुना हुआ तिल रेवड़ी को कुरकुरा बनाता है।

तिल को सही से भूनने के बाद एक दूसरी कढ़ाई में गुड़ और घी डालकर धीमी आंच पर गर्म करें। गुड़ को लगातार चलाते रहें ताकि यह जल न जाए। गुड़ जब पूरी तरह से पिघलकर गाढ़ा हो जाए और थोड़ी चिपचिपी अवस्था में आ जाए, तब समझ जाएं कि ये मिश्रण तैयार है। अब गुड़ में भुना हुआ तिल डालें और अच्छे से मिलाएं। इस समय मिश्रण को जल्दी-जल्दी चलाते रहें ताकि तिल और गुड़ एक साथ अच्छे से मिल जाएं और सभी तिल पर गुड़ अच्छी तरह चिपक जाए। स्वाद बढ़ाने के लिए थोड़ी इलायची पाउडर डालें और मिश्रण को एक मिनट तक अच्छे से मिलाएं। मिश्रण को घी लगी प्लेट या ट्रे में डालकर सपाट कर दें। आप इसे रोलर से या चम्मच से दबाकर समान रूप से फैलाएं। मिश्रण को लगभग 20–25 मिनट तक ठंडा होने दें।

## कार्नर न्यूज

## तंदूर के शौकीनों के लिए मौजूद हैं विकल्प

# बगैर तंदूर के भी बना सकते है नान और तमाम व्यंजन, बस एक जुगाड़ आएगा काम

अगर आप तंदूरी खाने के शौकीन हैं, तो हम आपके लिए ऐसा जुगाड़ लेकर आए हैं जिनकी मदद से घर पर परफेक्ट तंदूर तैयार किया जा सकता है। बस आपको हमारे बताए गए स्टेप्स को फॉलो करना होगा।

जी हां, हम आपके लिए ऐसा जुगाड़ लेकर आए हैं, जिनकी मदद से न सिर्फ तंदूर तैयार कर सकते है बल्कि इसमें स्वादिष्ट व्यंजन भी बना सकता है। हालांकि, आपको घर के बने तंदूर का खाना बनाने में एक बात खास ध्यान देने वाली होती है कि खाना लकड़ी मैं पकाया जा रहा है या फिर कोयले में।

वैसे तो बेहतर होगा कि आप लकड़ी का इस्तेमाल करें, इससे खाने का अलग ही स्वाद आता है। तो देर किस बात की आइए विस्तार से जानते हैं कि आप कैसे घर पर होममेड तंदूर तैयार कर सकते हैं।

### घर पर कैसे बनाएं तंदूर?

वैसे तो आप लकड़ी और मिट्टी दोनों तरीके से तंदूर तैयार कर सकते हैं। हालांकि, इन दोनों ही तंदूर को बनाने के लिए काफी मेहनत की जरूरत होती है। वैसे तो हमारा जुगाड़ ऐसा है कि आप कुछ ही मिनट में घर पर तंदूर तैयार कर सकते हैं। जी हां, आपको बस खाली



पड़ा गमला चाहिए होगा।

सबसे पहले गमले को अच्छी तरह से साफ करें। फिर अच्छी तरह से धोकर गमले को सूखने के लिए रख दें। अब मिट्टी वाली जगह पर गमले को रखें। इसके अंदर आग जलाने के लिए लकड़ी या फिर कोयले का इस्तेमाल किया जा सकता है।

### डेक वुड का कर सकते हैं इस्तेमाल


आप तंदूर में आग लगाने के लिए डेक वुड का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। जब तंदूर में इस लकड़ी को डालकर खाना पकाया जाता है तब इसका स्वाद ही नहीं बल्कि महक भी खाने में आ जाती है और इस वजह से खाने का जायका बदल जाता है। लोगों को तंदूरी चिकन या पनीर का स्वाद यहां इसलिए अलग लगता है और अपनी तरफ खींच लाता है। ऐसा इसलिए क्योंकि यहां का तंदूरी खाना डेक वुड में बनता है। अब आप अगर घर पर तंदूर में खाना पकाते हैं तो फिर आप अब से इस खास लकड़ी में ही खाना पकाएं, क्योंकि इसका स्वाद खाने को और भी ज्यादा अच्छा बना देगा।

### तैयार करें ये तंदूरी व्यंजन

एक बाउल में मैदा, गेहूं का आटा, नमक, खमीर, दूध और घी डालकर गर्म पानी से आटा गूंथ लें। आटे को 30 मिनट के लिए रेस्ट करने दें, ताकि ये सेट हो जाए। अब एक पैन में मक्खन डालें और धीमी आंच पर गर्म करें। मक्खन में अदरक, मिर्च और लहसुन डालें और हल्का रोस्ट कर लें। अपने आटे का एक हिस्सा लें और बेल लें। पूरे बेस को मक्खन के मिश्रण कवर कर लें, ताकि नान में स्वाद आ जाए। अब रोटी को एक बार और बेल कर गर्म तंदूर पर रख दें। एक बार फिर से मक्खन का मिश्रण नान पर लगाएं। जब यह दोनों तरफ से पक जाए तो गैस बंद कर दें। बस आपका नान सर्व करने के लिए तैयार है।

### तंदूरी चिकन टिक्का की रेसिपी

सबसे पहले लाल मिर्च पाउडर को नींबू के रस में मिक्स करके 30 मिनट के लिए रख दें। इस बीच आप चिकन को अच्छी तरह से धोकर साफ कर लें। सबसे पहले दही को एक सूती कपड़े में डालकर उसका पानी निकाल लें। इस दही को अब आप एक बाउल में डालें और उसमें अदरक का पेस्ट, लहसुन का पेस्ट, मिर्च नींबू का मिश्रण गरम मसाला और सरसों का तेल डालकर अच्छी तरह से मिक्स कर लें। फिर मिक्सर में साफ किए हुए चिकन को टुकड़ों को काटकर डालें। इसके चारों तरफ मिश्रण को लगाकर एक प्लेट में रख लें। चिकन को 2-3 घंटे के लिए सूखने दें ।



फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### हॉलीवुड बाफ्टा 2026 की नॉमिनेशन लिस्ट में 'वन बैटल आफ्टर अनदर' का दबदबा



बाफ्टा 2026 के अवॉर्ड्स की नॉमिनेशन लिस्ट सामने आ गई है। जहां लियोनार्डो डिकैप्रियो की 'वन बैटल आफ्टर अनदर' का इस लिस्ट में बोलबाला देखने को मिला। वहीं भारत की मणिपुरी फिल्म ने भी इसमें जगह बनाई है।
ब्रिटिश एकेडमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविजन आर्ट्स (बाफ्टा) ने इस साल के नॉमिनेशन की घोषणा कर दी है। इन नामांकनों में माइकल बी जॉर्डन की फिल्म 'सिनर्स' और लियोनार्डो डिकैप्रियो की 'वन बैटल आफ्टर अनदर' को सबसे अधिक नामांकन मिले हैं। जबकि टिमोथी चालमेट की 'मार्टी सुप्रीम' दूसरे स्थान पर रही है। यही नहीं बाफ्टा की नॉमिनेशन लिस्ट में भारत की मणिपुरी फिल्म 'बूंग' को भी सर्वश्रेष्ठ बाल एवं पारिवारिक फिल्म श्रेणी में नामांकन मिला है। इस बार सबसे ज्यादा 14 नॉमिनेशन लियोनार्डो डिकैप्रियो की 'वन बैटल आफ्टर अनदर' को मिले हैं। 27 जनवरी को बाफ्टा के नॉमिनेशन जारी किए गए। इनमें लियोनार्डो डिकैप्रियो की 'वन बैटल आफ्टर अनदर' ने 14 नॉमिनेशन हासिल किए हैं। ये 'गांधी' के रिकॉर्ड (16 नॉमिनेशन) से सिर्फ दो कम हैं। जबकि 'ऑल क्वाइट ऑन द वेस्टर्न फ्रंट', 'एटोनमेंट', 'द किंग्स स्पीच' और 'क्राउचिंग टाइगर, हिडन ड्रैगन' के बराबर हैं।
इसके अलावा रायन कूगलर द्वारा निर्देशित फिल्म 'सिनर्स' को 13 नामांकन मिले हैं। जिससे निर्देशक और अभिनेता माइकल बी जॉर्डन को पहली बार बाफ्टा में नामांकित होने का मौका मिला है। वहीं 'हैमनेट' और 'मार्टी सुप्रीम' दोनों को 11-11 नामांकन मिले। इसके साथ ही टिमोथी चालमेट लगातार दूसरे साल बाफ्टा के बेस्ट एक्टर की रेस में शामिल हो गए हैं।

## टॉलीवुड


### पद्म भूषण की घोषणा के बाद 'पदयात्रा' के सेट पर सम्मानित हुए अभिनेता ममूटी



मलयालम सिनेमा के सुपरस्टार ममूटी को देश के तीसरे सर्वोच्च सम्मान पद्म भूषण से सम्मानित किया जाएगा। इसकी घोषणा की जा चुकी है। यह ममूटी के साथ पूरे मलयालम सिनेमा के लिए एक गर्व की बात है। ऐसे में इस सम्मान की घोषणा के बाद अब ममूटी अपनी आगामी फिल्म 'पदयात्रा' के सेट पर पहुंचे, तो वहां फिल्म की टीम द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया।
सोशल मीडिया पर ममूटी की कंपनी, जो कि 'पदयात्रा' के निर्माताओं में से एक हैं। उस कंपनी की ओर से सोशल मीडिया पर कई तस्वीरें पोस्ट की गईं। साथ ही पोस्ट में ये जानकारी दी गई कि ममूटी को 'पदयात्रा' के सेट पर पद्म भूषण मिलने के बाद सम्मानित किया गया। फिल्म निर्देशक अदूर गोपालकृष्णन ने ममूटी को फूलों का गुलदस्ता भेंट किया और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। बाद में इस खुशी के मौके पर फिल्म की टीम ने एक केक भी काटा। इस दौरान फिल्म के अन्य महत्वपूर्ण कलाकार ग्रेस एंटनी और इंद्रन्स भी उपस्थित रहे। ममूटी मलयालम सिनेमा के पद्म भूषण प्राप्त करने वाले चौथे अभिनेता बन गए हैं। यह सम्मान 1998 में ममूटी को पद्मश्री से सम्मानित किए जाने के 28 वर्ष बाद प्राप्त हुआ है।
'पदयात्रा' ममूटी और अदूर गोपालकृष्णन की साथ में चौथी फिल्म है। इससे पहले वे 'अनंतराम', 'मथिलुकल' और 'विधेयन' जैसी फिल्मों में साथ काम कर चुके हैं। यह प्रोजेक्ट इसलिए भी खास है क्योंकि 32 साल के अंतराल के बाद ये दोनों फिर से साथ काम कर रहे हैं। फिल्म का निर्माण ममूटी के बैनर तले हो रहा है। अदूर ने लेखक और पूर्व आईएएस अधिकारी के.वी. मोहन कुमार के साथ मिलकर कहानी लिखी है। वर्कफ्रंट की बात करें तो ममूटी इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'पैट्रियट' को लेकर चर्चाओं में हैं। महेश नारायणन द्वारा निर्देशित इस फिल्म में मोहनलाल, फहाद फासिल, कुंचको बोबन, नयनतारा, दर्शना राजेंद्रन और रेवती प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म 23 अप्रैल को रिलीज हो रही है।

## भोजपुरी

### फाल्गुन की दस्तक से पहले खेसारी पर रंगों का सुरूर, स्पेशल गाना रिलीज



भोजपुरी सुपरस्टार खेसारी लाल यादव एक्टिंग के साथ-साथ सिंगिंग के लिए भी खूब मशहूर हैं। फैंस उनके गानों के लिए क्रेजी रहते हैं। नए साल में उनके 'रुमालिया' और 'ओ पिया' सहित कई गाने रिलीज हो चुके हैं। अब फाल्गुन माह की दस्तक से पहले वे फैंस के लिए होली स्पेशल गाना लेकर आए हैं।
खेसारी लाल के नए गाने का टाइटल 'होली परल बा 4 के' है। दरअसल, यह त्योहार मार्च में चार तारीख को पड़ रहा है। गाने के टाइटल में उन्होंने यह तारीख मेंशन कर दी है। गाना बुधवार को सुबह यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इसे खेसारी लाल यादव और शिल्पी राज ने मिलकर गाया है। इस गाने में खेसारी शिवानी गुप्ता के साथ नजर आए हैं। गाने की थीम होली का त्योहार और हंसी मजाक है। दरअसल, इसमें जीजा साली के रिश्ते और होली के त्योहार पर होने वाले हंसी-मजाक को दिखाया है। म्यूजिक, खेसारी के डांस और रंगों की फुहार के साथ गाना सुनने और देखने दोनों तरीके से मजेदार है। इस फेस्टिवल सॉन्ग को खेसारी के फैंस पसंद कर रहे हैं। इस पर यूजर्स के पॉजिटिव रिएक्शन आ रहे हैं। खेसारी लाल यादव के वर्क फ्रंट की बात करें तो गानों की बीच वे अपनी नई फिल्म को लेकर भी तैयारियां कर रहे हैं। उनकी नई फिल्म है, 'डीजे खेसारी'। इस भोजपुरी फिल्म का बीते दिनों फर्स्ट लुक शेयर किया गया था। इस फिल्म का निर्देशन पराग पाटिल ने किया है। इसे जितेंद्र कुमार राय और अमृत कुमार ने प्रोड्यूस किया है।

कमर्शियल रंग

लाइफ





₹कमर्शियल₹ ऐसा शब्द नहीं है जो आमतौर पर फैशन रनवे से जुड़ा हो, लेकिन हाल ही में यूरोप में मेन्स फैशन वीक में पेश किए गए स्प्रिंग/समर 2026 कलेक्शन में इसका जोरदार असर देखने को मिला। पिछले हफ़्ते एक वेबिनार में फैशन क्यूरेशन मैनेजर नोएमी वॉयर और सीनियर फैशन एनालिस्ट अगाटा कुप्रिजानियुक ने इस सीज़न के लिए उभरते मुख्य थीम्स और ट्रेंड्स का ओवरव्यू दिया।

# भूल से भी चेहरे पर ना करें इन मसालों का इस्तेमाल, वरना सामने आएंगी कई परेशानियां

रसोई में पाए जाने वाले मसाले वैसे तो काफी फायदेमंद हैं, लेकिन कई मसाले चेहरे पर नुकसान पहुंचा सकते हैं। आज हम आपको कुछ ऐसे ही मसालों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनका इस्तेमाल आपको चेहरे पर कभी नहीं करना चाहिए।



### सरसों का पाउडर

अगर आप सरसों के पाउडर का इस्तेमाल अपनी स्किन का ख्याल रखने के लिए करेंगे तो इससे आपके चेहरे पर रेडनेस, छाले और तमाम तरह की परेशानियां सामने आ सकती हैं।

### लौंग

खाने का स्वाद बढ़ाने वाली लौंग का इस्तेमाल अगर आप चेहरे पर करेंगे तो इससे जलन और एलर्जी की समस्या सामने आ सकती है। इससे चेहरे पर अन्य भी कई परेशानियां सामने आ सकती हैं।

### दालचीनी

दालचीनी जिस तरह से खाने का स्वाद बढ़ाती है, उतना ही ये स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होती है लेकिन अगर आप इसका इस्तेमाल स्किन केयर में करेंगे तो ये आपकी परेशानी को बढ़ा सकती है।

### हल्दी

अक्सर लोग कहते हैं, कि हल्दी का इस्तेमाल स्किन केयर में करना चाहिए। इसमें तमाम तरह के एंटी-बैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं लेकिन अगर आप इसका ज्यादा इस्तेमाल करेंगी तो ये त्वचा को पीला कर देगी।

### काली मिर्च

बहुत से लोग काली मिर्च का इस्तेमाल स्क्रब के तौर पर करते हैं। जबकि इसमें पाए जाने वाले तत्व कई तरह की परेशानियों को बढ़ा सकते हैं। इससे स्क्रब करने पर आपकी त्वचा में कट तक लग सकते हैं।

### जायफल

ये शरीर के लिए काफी फायदेमंद होता है, लेकिन अगर आप चेहरे पर जायफल का इस्तेमाल करेंगे तो इससे त्वचा संबंधी कई परेशानियां सामने आ सकती हैं।

# साड़ियों के खास डिजाइन को करें अपनी वार्डरोब में शामिल



साड़ी का चलन कभी भी आउट ऑफ़ ट्रेंड नहीं होता है और इसके डिजाइन भी आपको कई तरीके में देखने को आसानी से मिल जाएंगे। वहीं बदलते दौर में आजकल साड़ी को ड्रेप करने के भी कई नए तरीके आ गए हैं, लेकिन एक उम्र के बाद हम साड़ी को पहनने के लिए 2 से 3 तरह के स्टाइल ही फॉलो करना पसंद करते हैं।



मौका त्यौहारों का हो या शादियों का, ज्यादातर महिलाओं को अक्सर साड़ी पहनना पसंद हैं। ऐसे फेस्टिवल सीजन में साड़ी के कुछ खास डिजाइंस जो खासकर 50 वर्षीय उम्र वालों के लिए बेहद खास है। बता दें कि इन साड़ी लुक को स्टाइल करने के बाद आप 50 की जगह 30 साल की नजर आएंगी।

### पटोला साड़ी डिजाइन

इस तरीके की साड़ी बिल्कुल भी वजनदार नहीं होती है। वहीं इस खूबसूरत साड़ी को डिजाइनर डी संस द्वारा डिजाइन किया गया है। इस तरीके की मिलती-जुलती साड़ी आपको मार्केट में लगभग 2000 रुपये तक में आसानी से मिल जाएगी। इस तरीके की साड़ी के साथ आप गोल्डन कलर या पर्ल डिजाइन की ज्वेलरी को स्टाइल कर सकती हैं।

### क्रेप सिल्क साड़ी डिजाइन

सिल्क साड़ी में आपको कई वैरायटी की अलग-अलग साड़ियां आसानी से मिल जाएगी। बगता दें कि इस खूबसूरत साड़ी को डिजाइनर गीतिका कनुमिल्ली द्वारा डिजाइन किया गया है इस तरह की मिलती-जुलती साड़ी आपको लगभग 2000 रुपये से लेकर 4000 रुपये तक में आसानी से मिल जाएगी। इस तरह के लुक के साथ आप मेसी हेयर बन बनाकर उसे ताजे गुलान की मदद से अपने बालों को आकर्षक बना सकती हैं।

### बॉर्डर वर्क साड़ी डिजाइन

हरा रंग करवाचौथ के लिए बेहद खास होता है। वहीं इस तरह की मिलती-जुलती साड़ी आपको मार्केट में लगभग 2000 रुपये से लेकर 2500 रुपये तक में आसानी से मिल जाएगी। इस खूबसूरत साड़ी को डिजाइनर अनीता डोंगरे द्वारा डिजाइन किया गया है।

# गंदगी की वजह से काले हो रहे पैर ऐसे करें साफ



अक्सर महिलाएं अपने पैरों की सफाई पर खास ध्यान नहीं देती है इसके कारण पैरों का रंग काला पड़ जाता है उसके कारण यह देखने में बिल्कुल भी अच्छा नहीं लगते हैं विटामिन सी से भरपूर फूड्स का इस्तेमाल स्किन व्हाइटनिंग के लिए किया जा सकता है। इन फूड में सिट्रिक एसिड पाया जाता है। यह नेचुरल एक्सफोलिएंट के रूप में काम करता है।
अगर आपके पैरों का रंग काला पड़ गया है, तो आप इस समस्या से निजात पाने के लिए संतरे के रस का उपयोग कर सकती हैं। इस जूस से पैरों को साफ-सबसे पहले संतरे का रस निकाल लें। अब रूई की मदद से रस को पूरे पैरों पर लगाएं।करीब आधे घंटे बाद गुनगुने पानी से पैरों को धो लें। इस बात का ध्यान रखें कि हफ्ते में केवल एक बार पैरों पर इस रस का इस्तेमाल करें। आप चाहें, तो ऑरेंज पील पाउडर में प्लेन योगर्ट मिलाकर भी पैरों पर लगा सकती हैं। जब यह पेस्ट सूख जाए, तब करीब 10 मिनट बाद अपने पैरों को अच्छे से साफ कर लें। हफ्ते में दो बार इस पेस्ट का इस्तेमाल करने से आपके पैरों का रंग साफ होने लगेगा। पेडीक्योर ट्रीटमेंट के लिए पार्लर जाना जरूरी नहीं है, क्योंकि किचन में मौजूद कुछ चीजों की मदद से आप घर बैठे आसानी से पैरों को साफ कर सकती हैं। इसके लिए दूध, नीम और एलोवेरा जेल जैसी नेचुरल चीजें फायदेमंद होती हैं। फुट सोक करना भी जरूरी है। इसके लिए आप गुनगुने पानी में नमक मिलाकर पैरों को साफ कर सकती हैं।

# बार-बार फैल जाती है लिपस्टिक तो ऐसे करें ठीक



मेकअप करना हम सभी पसंद करते हैं, लेकिन आज भी हम में से ज्यादातर केवल लिपस्टिक लगाना ही पसंद करते हैं। वहीं लिपस्टिक भी कई तरीके के टेक्सचर में आपको मिल जाएंगी और इन्हें लगाने का तरीका भी एक दूसरे से बिल्कुल अलग हो सकता है।
मेकअप लुक कम्प्लीट होने के बाद अगर आपके होंठों पर लगी हुई लिपस्टिक फैल जाती है तो आप पतले लिप ब्रश की सहायता से मैचिंग कंसीलर को लेकर इसे ठीक कर सकती हैं। ध्यान रहे कि आप कंसीलर का कलर अपनी स्किन टोन के हिसाब से चुनें और इसके लिए किसी लाइट वेट कंसीलर का ही इस्तेमाल करें। इसके बाद आप लिक्विड कंसीलर को ट्रांस्लुसेंट पाउडर की मदद से सेट कर दें ताकि आपका लुक पूरी तरह से ट्रांसफर प्रूफ हो जाए। कोशिश करें कि आप कंसीलर की सहायता कम से कम ही लें ताकि चेहरे पर प्रोडक्ट्स की लेयर्स कम से कम ही रहे। लिपस्टिक लगाते समय आप होंठों को आकर्षक लुक देने के लिए लिप लाइनर का इस्तेमाल करें। परफेक्ट लुक पाने के लिए लिपस्टिक का शेड अपनी स्किन टोन और आउटफिट के कलर कंट्रास्ट के हिसाब से ही चुनें। वहीं अगर आपका आई मेकअप बोल्ड है तो लिप शेड के लिए न्यूड या लाइट कलर का चुनाव करें।होंठों को बड़ा दिखाने के चक्कर में लिप शेप के बाहर आप लिप लाइनर का इस्तेमाल बिल्कुल भी न करें।अगर आप मेकअप बिगिनर हैं तो लिप ब्रश की सहायता लेकर ही लिपस्टिक को होंठों पर लगायें।

कार्नर न्यूज

इस्तेमाल हो चुके कपड़े भी है बहुत काम के

# फटे-पुराने कपड़ों का घर पर हो सकता है बेहतर इस्तेमाल, फेंकने के बजाए बनाएं शानदार लटकन

अपने लुक को स्टाइलिश बनाने के लिए आपको हर छोटी-बड़ी चीज की स्टाइलिंग अपनी बॉडी टाइप के हिसाब से ही करनी चाहिए। इसके लिए आप सेलेब्रिटी लुक्स से इंस्पिरेशन ले सकती हैं।
अपने लुक को अप-टू-डेट रखना हम सभी चाहते हैं और इसके लिए हम आए दिन अपने वार्डरोब में कई तरीके के बदलाव भी करते रहते हैं। बदलते दौर में भी कुछ चीजें एवरग्रीन रहती हैं जैसे कि ब्लाउज में लगी डोरी पर लटकन। हालांकि इसके कई डिजाइन आपको मार्केट से बने-बनाए आसानी से मिल जाएंगे। बता दें कि आप इन लटकन को घर पर भी आसानी से बना सकती हैं। इसके लिए आप पड़े पुराने कपड़े का इस्तेमाल कर सकते हैं। तो चलिए आज हम आपको बताने वाले हैं घर पर पड़े बेकार कतरन के कपड़े की मदद से ब्लाउज पर लगी डोरी के लिए लटकन के लेटेस्ट डिजाइंस।

### थ्रेड वर्क लटकन डिजाइन बनाने का तरीका

अगर आप थ्रेड वर्क वाली लटकन को हैवी लुक देना चाहती हैं तो इसमें ऊपर की ओर आप फ्रिल डिजाइन बनाकर लटकन को आकर्षक लुक दे सकती हैं। इसमें आप चाहे तो बीड्स और पर्ल्स भी लगवा सकती हैं और इसे और भी ज्यादा हैवी लुक दे सकती हैं। इस तरीके की थ्रेड वाली लटकन पर ऊपर की ओर आप बड़े साइज का मोती लगाकर उसे कवर करके बांध लें।

### बेल डिजाइन लटकन बनाने का आसान तरीका

वहीं अगर आप हल्के वजन में हैवी लुक देने वाली लटकन को ब्लाउज पर लगवाना चाहती हैं तो इस तरह से आप मल्टी-लेयर की बेल बनाकर अपने हिसाब से इसकी लेंथ को एडजस्ट कर सकती हैं। बेल की मल्टी-लेयर के लिए



आप अलग-अलग कलर्स का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसमें नीचे की तरफ आप बार्क किनारी भी लगा सकती हैं।

### गोटा-पत्ती डिजाइन लटकन कैसे बनाए?

गोटा-पत्ती में आपको कई डिजाइन आसानी से मिल जाएंगे, लेकिन अगर आप खुद कस्टमाइज करके लटकन बना रही हैं तो इस तरह से तकिये के डिजाइन बनाकर अंदर रुई भर सकती हैं। वहीं इसमें आप चाहे तो धागे की मदद से कढ़ाई करके अपनी पसंद का कोई डिजाइन भी बना सकती हैं। इसके अलावा इसे हैवी लुक देने के लिए आप पोम-पोम भी लगा सकती हैं। यहाँ कुछ आसान तरीके दिए गए हैं जिनसे आप पुराने कपड़ों से खूबसूरत लटकन बना सकते हैं:

### कतरनों से 'बोहो-स्टाइल' लटकन

अगर आपके पास रंग-बिरंगे सूती या रेशमी कपड़े हैं, तो उन्हें पतली पट्टियों में काट लें। इन पट्टियों को एक साथ बांधकर आप पर्दों, कुशन कवर या झोले के लिए बेहतरीन लटकन बना सकते हैं। आप इसके स्टेप-बाय-स्टेप ट्यूटोरियल पर देख सकते हैं।

### पुरानी जींस से डेनिम लटकन

जींस का कपड़ा बहुत मजबूत होता है। इसकी कतरनों से बने लटकन आपके की-चेन या बैकपैक पर बहुत कूल लगते हैं। जींस के धागों को थोड़ा खींचकर आप इसे 'फ्रिंज' लुक भी दे सकते हैं।

### गोटा-पट्टी और पुराने सूट से सजावटी लटकन

पुराने भारी काम वाले सूट या दुपट्टों के किनारों का उपयोग करके आप दरवाजे के तोरण के लिए लटकन बना सकते हैं। इसमें बीच में एक मोती या लकड़ी का मनका पिरोकर इसे और भी पारंपरिक लुक दिया जा सकता है।

### टी-शर्ट यार्न लटकन



पुरानी टी-शर्ट को काटकर 'यार्न' (धागा) बनाया जा सकता है। इससे बने लटकन काफी सॉफ्ट और बाउंसी होते हैं, जो बच्चों के कमरों की सजावट के लिए एकदम सही हैं। आप इसके बेहतरीन डिजाइन ऑन लाइन देख सकते हैं।